

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित





तमिलनाडु में एनडीए सरकार बनाने के लिए कर लें ....०1



Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in



गोरखपुर के शिव मंदिर में सीएम योगी ने किया भगवान...०1



वर्ष: ०2 अंक: 222 | बदायूं, गुरूवार 27 फरवरी 2025 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


### सत्ताधारी डीएमके पर जमकर बरसे शाह

## तमिलनाडु में एनडीए सरकार बनाने के लिए कर लें कमर

**दिल्ली।** तमिलनाडू के कोयंबटूर, तिरुवन्नामलाई और रामनाथपुरम में भाजपा जिला कार्यालयों के उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 2०25 की शुरुआत दिल्ली की विजय से हुई है और 2०26 तमिलनाडु में एनडीए की सरकार के साथ समाप्त करेंगे... समय आ गया है कि तमिलनाडु में डीएमके की देश विरोधी सरकार को समाप्त कर दिया जाए... सभी लोग तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनाने के लिए अपनी कमर कस लें... तमिलनाडु में बनने वाली सरकार एक नए युग की शुरुआत करेगी। यहां भाई-भतीजावाद की दुकान समाप्त होगी और यहां हमेशा के लिए भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा।




गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि, उनके नेताओं में से एक नकदी-के-लिए-नौकरी मामले में उलझा हुआ है, दूसरा मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध रेत खनन में शामिल है, और तीसरा आय से अधिक संपत्ति से संबंधित आरोपों का सामना कर रहा है।श् तमिलनाडु को केंद्रीय निधि से वंचित किए जाने के सीएम एमके स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए अमित शाह ने कहा, श्एमके स्टालिन के बयान में कोई सच्चाई नहीं है। मोदी सरकार ने पिछले पांच सालों में तमिलनाडु को 5 लाख करोड़ रुपये दिए हैं।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री अक्सर दावा करते हैं कि राज्य को केंद्र के हाथों अन्याय का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यूपीए और एनडीए के तहत वितरित धन की तुलना से पता चलता है कि असली अन्याय यूपीए शासन के दौरान हुआ था। डीएमके का मजाक उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को एमके स्टालिन की पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होना चाहिए। उन्होंने राज्य में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को खत्म करने की कसम खाई, साथ ही भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को भी हटाया।

### यूपी में मंत्रिमंडल से तीन मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी

**लखनऊ।** यूपी में अगले आठ से 1० दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। नए मंत्रिमंडल में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी।

## पठानकोट में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाही, घुसपैठ की साजिश नाकाम

### एक पाकिस्तानी घुसपैठिया देर, तलाश जारी

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को आज एक बड़ी कामयाबी मिली है। बीएसएफके जवानों ने पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि एक शख्स पठानकोट के रास्ते भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ के जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन वह उसे नजरअंदाज करते हुए लगातार आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।



बीएसएफ के अनुसार, 26 फरवरी की सुबह ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। वह भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पाक रेंजर्स के समक्ष इस मुद्दे पर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### सुंदरबनी में भारतीय सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला, कोई हताहत नहीं

**दिल्ली।** भारतीय सेना की गाड़ी पर आज लगभग दोपहर 1:3० बजे आतंकियों ने फायरिंग कर हमला किया। यह घटना सुंदरबनी से लगभग 6 किलोमीटर दूर पांडवों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक गंदेह मंदिर के साथ वाले जंगल क्षेत्र में घटी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस घटना में भारतीय सेना के किसी भी जवान के हताहत या घायल होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एक नजर

#### बिहार में केबिनेट विस्तार में हुई जातियों को साधने की कोशिश

**पटना।** बिहार में बुधवार को नीतीश कुमार सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ। नीतीश कुमार की कैबिनेट में कुल सात विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। ये सभी मंत्री भाजपा कोटे से बनाए गए हैं। इनमें दरभंगा जिले से दो मंत्रियों को जगह मिली है। इसी तरह तिरहुत प्रमंडल से दो मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पटना, पूर्णिया और सारण प्रमंडल से एक-एक मंत्री को नीतीश कैबिनेट में जगह मिली है। जिन सात चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह मिली है उनमे अररिया जिले की सकटी विधानसभा सीट से विधायक विजय कुमार मंडल, दरभंगा जिले की जाले सीट से विधायक जीवेश मिश्रा और दरभंगा जिले की ही दरभंगा सीट से विधायक संजय सरावगी, सीतामढ़ी जिले की रीगा सीट से विधायक मोतीलाल प्रसाद, मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, नालंदा जिले की बिहारशरीफ सीट से विधायक डॉ. सुनील कुमार और सारण जिले की अमनौर सीट से विधायक कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं।

## गोरखपुर के शिव मंदिर में सीएम योगी ने किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार सुबह से ही अनुष्ठान जारी रहा। इसके साथ ही शहर के अंधियारी बाग स्थित मानसरोवर मंदिर में सबसे पहले सीएम योगी ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि पूर्वक पूजा अर्चना की।



इसके बाद वह राजघाट स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ काजल अभिषेक कर फल फूल इत्यादि अर्पण किया। मंदिर के बाहर निकल कर उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत कर महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इसके बाद कुनराघाट घाट स्थित महादेव झारखंडी मंदिर पहुंचे जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक कर लोक कल्याण की कामना की। राजघाट में बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व है। प्रयागराज में काशी में तथा सभी शिवालयों के साथ प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि महादेव कल्याण के देवता हैं। सबके कल्याण का भाव रखते हैं।

उनकी कृपा दृष्टि से ही यह सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। अपार श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालु जन यहां दर्शन कर रहे हैं। हर शिवालय में अपार भीड़ है। आस्था भारत की एकात्मता का प्रतीक है। इस आस्था को मैं नमन करता हूं। महाकुंभ प्रयागराज में अपार भीड़ है। 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ महाकुंभ प्रयागराज आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु जन मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती कि त्रिवेणी में डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का एक संदेश दे रहे हैं। और वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ हर एक श्रद्धालु जन को राष्ट्रीयता के भाव से समर्पण करने की एक प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। पावन स्नान पर हृदय से उनका अभिनंदन करते हैं।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर गौरी शंकर मंदिर पहुंची दिल्ली की सीएम

**दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के अवसर पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे। वहीं, मंत्री आशीष सूद ने महाशिवरात्रि के अवसर पर पहाड़गंज के झंडेवालान मंदिर में पूजा-अर्चना की। सीएम रेख गुप्ता ने कहा, मेरी ओर से समस्त भारतवासियों को शिवरात्रि के इस महापर्व की बहुत सारी शुभकामनाएं और बधाई। मैं प्रार्थना करती हूं कि भोलेनाथ और मां गौरा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और दिल्ली और देश तरक्की करे। महाशिवरात्रि के अवसर पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, शिवरात्रि भारतीय संस्कृति का बहुत बड़ा पर्व है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मैंने दिल्ली के गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की है। महाशिवरात्रि का पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति करे, यही कामना हमने प्रभु शिव से की है। पीएम मोदी के नेतृत्व और रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली बहुत जल्दी विकसित हो।

## आप ने राज्य सभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना से बनाया उम्मीदवार

### गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी शीट

**दिल्ली।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी के हलका लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। विधायक गोगी एक बेबाक अंदाज में जीने वाले व्यक्ति थे।



टिकट मिलने के बाद संजीव अरोड़ा ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी के नेतृत्व आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और लुधियाना पश्चिम उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया। अपने गृहनगर से गहराई से जुड़े होने के नाते मैं अपने लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की आशा करता हूं।

लुधियाना के बड़े व्यवसायी संजीव अरोड़ा को आप की तरफ से मार्च 2०22 में राज्यसभा का टिकट मिला था। संजीव अरोड़ा का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। उनका परिवार लुधियाना का रहने वाला है। उनका एक घर गुरुग्राम में भी है। अरोड़ा रियल स्टेट के कारोबारी हैं, इसके अलावा गुरुग्राम में गारमेंट्स का बड़ा कारोबार है। लुधियाना से संजीव अरोड़ा तीसरे राज्यसभा सदस्य बने थे। इससे पहले भाजपा से सतपाल मित्तल और लाला लाजपत राय राज्यसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अब आप ने अरोड़ा को उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है।

58 वर्षीय संजीव अरोड़ा 1986 से व्यवसाय में हैं। उन्होंने रितेश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से सफल एक्सपोर्ट हाउस चलाया है। उनका एक्सपोर्ट का बड़ा काम है, अमेरिका के वर्जीनिया में अपना एक्सपोर्ट कार्यालय खोलकर काम शुरू किया।

## प्रयागराज के संगम तट पर आस्था की डुबकी... श्रद्धालुओं का सैलाब

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व पर स्नानार्थियों की जबरदस्त भीड़ है। महाकुंभ के आखिरी दिन तीर्थनगरी में पवित्र स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



पुण्यकाल और मुहूर्त का इंतजार किए बिना श्रद्धालु आधी रात से ही आस्था की डुबकी लग रहे हैं। संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ जन प्रवाह नजर आ रहा है। सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं।

त्रिवेणी बांध से लेकर कई मार्ग और संगम से जुड़े अन्य मार्गों पर भीड़ का तांता लगा है। संगम पर आस्था-भक्ति और विश्वास की अमृतमयी बूंदें एक बार फिर एकाकार हो गई हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक, मंगलवार रात आठ बजे तक 1.3० करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली थी। स्थिति यह है कि बुधवार सुबह 6:०० बजे तक ही 4० लाख से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं।

इसके साथ ही स्नानार्थियों की कुल संख्या 65 करोड़ पार हो गई है। मंगलवार तक 64.77 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। महाशिवरात्रि और महाकुंभ के अंतिम स्नान के लिए मेला प्रशासन ने लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन के लिए विशेष तैयारियां की हुई हैं। महाशिवरात्रि पर संगम स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई है। संगम के घाटों पर हर तरफ स्नानार्थी ही नजर आ रहे हैं। सिर पर गठरी और कंधे पर झोला लिए श्रद्धालुओं की भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष लगाते लाखों श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। आस्था भक्ति की लहरों के बीच संगम से शहर तक कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची। तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संख्या के लिहाज से भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### नाराजगी की अटकलों के बीच शशि थरूर ने दी सफाई

**दिल्ली।** कांग्रेस से नाराजगी की कथित अटकलों के बीच सांसद शशि थरूर ने बुधवार को सफाई दी। उन्होंने कहा कि 45 मिनट के पॉडकास्ट में जीवन और खुशी की खोज पर बातचीत है, इसमें किसी राजनीतिक विवाद के बारे में कुछ खास नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है। मैं बैठक में बाकी सभी के साथ उपस्थित रहूंगा। कांग्रेस सांसद थरूर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी ने मलयालम भाषा का पॉडकास्ट सुना है। उन्होंने पूछा कि विवाद किस बारे में था?, क्योंकि मैं अभी भी विवाद को समझ नहीं पाया हूं। थरूर ने कहा कि अब जब आपने पूरा पॉडकास्ट सुन लिया है, तो क्या आप मुझे बता सकते हैं कि आपका सवाल क्या है? मुझे जवाब देने में खुशी होगी। केरल कांग्रेस इकाई और सांसद शशि थरूर के बीच कथित विवाद ने इसी महीने की शुरुआत में जन्म लिया। दरअसल।






# महाशिवरात्रि पर भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** महाशिवरात्रि पर खेरेश्वर धाम पर जलाभिषेक करने गए शिवभक्तों की भीड़ के सारे इंतजाम ध्वस्त हो गए। जलाभिषेक के बाद आने और जाने का रास्ता एक होने से भीड़ का दबाव इतना हो गया कि छह महिलाएं बेहोश हो गईं। भीड़ को देखते हुए की गई बैरिकेडिंग भी टूट गई। शिव भक्तों को बाहर निकलने के लिए अलग से रास्ता नहीं बनाया गया जिसके चलते भक्त एक ही रास्ते से आ जा रहे थे।

महाशिवरात्रि पर अर्द्धरात्रि के बाद शिवालय बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे, श्री खेरेश्वर धाम, श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर और श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर में लाइन लगाकर कांवड़ियों ने कांवड़ चढ़ाईं और भोलेनाथ से मनोकामना की। रामघाट सहित अन्य गंगाघाटों से कांवड़ लाने वालों की मंदिरों में देर शाम से ही लाइन लगना शुरू हो गई थी। हारे थके कांवड़िए कांवड़ रखकर वहीं पर विश्राम करने लगे और जैसे ही 12 बजे भक्तों न जलाभिषेक शुरू कर दिया।

मदिंरो में घंटों की गूंज के बीच जयकारों से माहौल शिव मय हो गया। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में बैरिकेडिंग की गई थी। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों के अलावा शिवभक्तों ने कांवड़ियों की सेवा भी की तो वहीं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रमुख मंदिरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए देर रात उमड़ी भीड़ के चलते अचलेश्वर महादेव मंदिर में धक्का-मुक्की हुई और कई श्रद्धालु गिर गए, इससे वहां भगदड़ मच गई। भगदड़ में सात वर्ष की एक बच्ची भीड़ के दबाव में आ गई। उसे बड़ी मुश्किल से निकाला गया, अचेतावस्था में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया है, यहां से हालत गंभीर होने के चलते जेएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। घटना रात करीब पौने दो बजे की है, रात दस बजे से ही शिवालयों में भीड़ होने लगी थी।

बारह बजते ही श्रद्धालु शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़े। अचलताल स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर में भी भीड़ काफी थी। जल्दी जलाभिषेक करने के चलते दबाव बढ़ गया। तभी धक्का-मुक्की हुई और कई लोग गिर गए। भीड़ में बेगपुर की सात वर्षीय निधि दब गई। वह अपनी मां के साथ जलाभिषेक के लिए आई थी। चीख पुकार सुन लोगों ने उसे भीड़ में निकाला, तब तक वह अचेत हो गई। रोती - बिलखती मां लोगों व पुलिस के सहयोग से अस्पताल ले गई।

## सुशीला ने यूजीसी नेट परीक्षा में पाई सफलता



**कोसीकलां।** यूनियन ग्रांट कमीशन परीक्षा में शामिल हुई नगर की सुशीला करहाना ने सफलता पाकर नगर का नाम रोशन किया है। पुरानी जीटी रोड निवासी डा. हेमंत प्रताप सिंह की पत्नी सुशीला ने वर्ष में दो बार होने वाली परीक्षाओं में स्वाध्याय के दम पर यह सफ्लता पाई है। गार्गी कॉलेज दिल्ली की छात्रा रही सुशीला ने अपनी सफ्लता का मंत्र बताते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं स्वाध्याय के दम पर बडी से बडी परीक्षा को पास कर चाहिए। महेंद्र प्रताप सिंह, भानू प्रताप सिंह, डा हेमंत प्रताप सिंह, धर्मवीर सिंह, सावित्री देवी, विरेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी।

# केबीसी में चांदनी ने जीते पच्चीस लाख




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**नौहझील।** बाजना के परसौली गांव की बेटी चांदनी चौधरी ने हाल ही में सोनी टीवी के पॉपुलर शो कौन बनेगा करोड़पति में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। इस शो में उन्होंने 13 सवालों का सही जवाब देकर 25 लाख रुपये का इनाम जीता।

चांदनी का परिवार परसौली गांव में रहता है। उनके पिता असम राइफ्ल्स से सेवानिवृत्त सैनिक हैं और माता गृहिणी हैं। चांदनी ने इस शो में न केवल अपनी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया, बल्कि अपने स्टार्टअप ष्सारथीष् को भी प्रमोट किया। यह एक ऐसा ऐप है जो विशेष रूप से बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों की मदद करता है। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने चांदनी की प्रतिभा और उनके स्टार्टअप की सराहना की। उन्होंने चांदनी को आश्वासन दिया कि वह व्यक्तिगत रूप से उनके स्टार्टअप को फंड और समर्थन दिलाने में मदद करेंगे। चांदनी की यह उपलब्धि केवल कौन बनेगा करोड़पति तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने हाल ही में साइकिलथॉन 2023 में कांस्य पदक भी जीता है। वर्तमान में, चांदनी दिल्ली विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए कर रही हैं। चांदनी की उपलब्धियों पर उत्तर प्रदेश के वर्तमान विधायक योगेश नौहवार ने उन्हें बधाई दी। नौहवार भी परसौली गांव से ताल्लुक रखते हैं और उन्होंने चांदनी की सफ्लता पर गर्व व्यक्त किया।

# अपार आईडी कार्ड बनाने को निकाली गयी जागरूकता रैली



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बलदेव।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमीरपुर में आज अपार आईडी, फैमिली आईडी और किसान आइडी के प्रति ग्रामवासियों, अभिभावकों एवं आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली निकाली गई।

जन जागरूकता रैली का प्रारंभ एकदमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती कांता द्वारा किया गया। रैली में अकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि जागरूकता रैली के माध्यम से अपार आईडी, फैमिली आईडी एवं किसान आईडी बनाने के लिए ग्रामवासियों और अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अपार आईडी कार्ड आधार कार्ड की तरह ही होगा। इस कार्ड पर संबंधित छात्र की यूनिक आईडी मेंशन होगी। यह कार्ड प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए बनाया जा रहा है, यद्यपि इसके लिए अभिभावकों की सहमति लेना अनिवार्य है। रैली का संचालन नोडल संकुल शिक्षिका गीता रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेनू अग्रवाल, कांता देवी, सुनीता कुमारी, जय कुल रंजन, पूनम, गीता रावत, मिथिलेश कुमारी आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की हुई मौत




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना गंगीरी क्षेत्र के गांव भिलावली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, प्राप्त जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय माबूत उपाध्याय मेहनत मजदूरी किया करता था। मंगलवार रात्रि माबूत अपने घर पर थे, इस दौरान अचानक वह चलते हुए जमीन पर गिर पड़े। परिजन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बुधवार को पुलिस ने शव का अंत्य परीक्षण कराने के बाद शव परिवारिजनों को सौंप दिया।

# विषाक्त पदार्थ खाने से हुई युवक की मौत




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी अंतर्गत कल्याण नगर न्यू बेगम बाग के एक युवक का जहरीला पदार्थ के सेवन करने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसके ससुरालीजनों ने उसकी जहर देकर हत्या कर दी। मृतक युवक हेयर सैलून पर कटिंग का काम किया करता था।

इस संदर्भ में सोनू पुत्र सुल्तान सिंह निवासी कल्याण नगर न्यू बेगम बाग थाना क्वार्सी ने बताया कि उसके भाई नीरज की शादी चार वर्ष पूर्व शिवानी पुत्री अंगद सिंह निवासी मानसिंह नगला थाना गॉधी पार्क से हुई थी उसका कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही शिवानी अपने मायके में रहने की जिंद करती थी जिसका साथ उसके भाई व परिवार के अन्य लोग देते थे। घटना बुद्धवार 25 फरवरी 2025 कि है की नीरज के ससुरालीजन उसके घर आये और किसी बात को लेकर नीरज से मारपीट करने लगे जिसका उसने बीच बचाव कराया।

सोनू का आरोप है कि नीरज की साली व उसके भाईयों व सास ने उसके साथ मारपीट की। बाद में मृतक व उसके ससुरालीजनों में समझौता हो गया और कुछ देर बाद नीरज के ससुरालीजनों का फोन आया उसके बाद नीरज अपनी ससुराल चला गया बाद में उसके ससुरालीजनों ने उसे विषाक पदार्थ दे दिया जब उसकी हालत बिगड़ गयी तो वह लोग उसे एक निजी अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसकी हालत को देखते हुए उसे जेएन मेडिकल के लिए रेफर कर दिया लेकिन इस बात की जानकारी ससुरालीजनों ने पहले से नहीं दी जब उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई तब उसकी सास ने फोन पर उसके भाई सोनू को सूचना दी जब वह अस्पताल पहुॅचे तो उसका भाई उसे मृत अवस्था में मिला। तो वहीं सोनू ने आरोप लगाया कि उसके भाई नीरज की उसके ससुरालीजनों ने जहरीला पदार्थ देकर हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुॅच गयी और मृतक के शव को कब्जे मे लेकर अंत्य परीक्षण कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई स बैठक में डॉ सुनील कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस, डीसीएच चिकित्सालय, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डीटीओ, डीआईओएस, एडीआरओ एवं डीपीएमयू यूनिट के सभी लोग तथा जिले के समस्त चिकित्सा प्रभारी, यूनिसेफ, डब्लूएचओ, एनजीओ आदि लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में 100 दिवसीय टीवी अभियान मुख्य विषय रहा इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले मरीजों को समस्त जनसंख्या के तहत 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत तक किया जाए तथा सभी मरीजों का जल्द से जल्द उपचार किया जाए और सरकार द्वारा प्राप्त योजना के लाभ से लाभान्वित भी किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी सीएससी केन्द्र की एमसीडी, ओपीडी, एनआरसी तथा आईपीडी की बैठक करते हुए निर्देश दिए कि निश्चय पोषण योजना के शेष लाभार्थियों को लाभ देना सुनिश्चित करें।

## यूपी: संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं आज से

**लखनऊ।** प्रदेश में संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हो रही हैं। पहले दिन ही अनिवार्य संस्कृत का पेपर होगा। इसमें प्रदेश के 247 केंद्रों पर 56700 विद्यार्थी शामिल होंगे। सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक पूर्व मध्यमा द्वितीय (10वीं) व उत्तर मध्यमा प्रथम (11वीं) की और दूसरी पाली में दोपहर दो से 5.15 बजे तक उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) की परीक्षा होगी। परिषद की ओर से परीक्षा संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। इस बार परीक्षा के तुरंत बाद संबंधित परीक्षा केंद्रों को ऑनलाइन छात्रों की उपस्थिति भेजनी होगी। ताकि बाद में इसमें किसी तरह का बदलाव व किया जा सके। इसके लिए छात्रों की फोटो व विषय लिखा उपस्थिति पत्रक उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में नकल में पकड़े गए।

# राजमार्ग से हटाए अतिक्रमण, साफ दिखी तस्वीर



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**कोसीकलां।** राजमार्ग पर जगह- जगह हो रहे अतिक्रमण को लेकर राजमार्ग प्राधिकरण गंभीर हो गया है। पैट्रोलिंग टीमों ने छाता में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क किनारे रखे अतिक्रमण का हटाया और हाईवे को साफ किया। साथ ही उन्होंने दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है। राजमार्ग पेट्रोलिंग के टीमों ने मंगलवार को सुबह से ही अभियान को चलाया। गोवर्धन चौराहे एवं बरसाना चौराहे के बीच हाईवे पर रखे अस्थायी खोखे हटाए।

दुकानदारों को अतिक्रमण से यातायात को होने वाले नुकसान के बारे में चेताया। बताया कि इससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। लिहाजा अतिक्रमण न करें। उन्होंने करीब 20 से अधिक अस्थाई अतिक्रमणों को साफ किया। इस दौरान यातायात को भी कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। टीम ने इंसीडेंट अधिकारी आविश खान के नेतृत्व में काम किया। उन्होंने सभी अतिक्रमणकारियों को पुन: अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी जारी की। इस दौरान उनके साथ सीआरओ दिलीप कुमार, उदय गुर्जर, साहिद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हुसैन सक्रिय जुझारू कर्मठ समाजसेवी हैं: गवेन्द्र





**१०२अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** गुलफाम हुसैन भारतीय सद्भावना मंच संभल जिले के संयोजक अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए उन्होंने कहा अखिल भारतीय पंचायत परिषद एक गैर राजनीतिक महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकायों के उत्थान की उत्कृष्ट संस्था है जो पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉक्टर अशोक चौहान के सामूहिक नेतृत्व में पूरे देश में सराहनीय कार्य कर रहा है पंचायत परिषद के संगठन को जिला संभल में मजबूत करने के लिए अपना सक्रिय योगदान दूंगा।

राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेंद् सिंह एडवोकेट ने उनके पंचायत परिषद में शामिल होने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त कर उनको बधाई दी और कहा गुलफाम हुसैन बहुत ही सक्रिय जुझारू कर्मठ समाजसेवी लोकप्रिय व्यक्ति हैं तथा सामाजिक संगठन सद्भावना मंच के जिला संयोजक है ग्रामीण एवं शहरी निकायों के जनहित के कामो में सदैव सक्रिय रूप से कार्य करते रहते हैं उनके शामिल होने से जिला संभल में संगठन मजबूत होगा।

## पुलिस ने शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश एवं निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चण्डौस पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त फिरोज पुत्र फिद्दू उर्फ फिदाहुसैन निवासी रामपुर शाहपुर थाना चण्डौस जनपद अलीगढ़ को ग्राम नवाबपुर से रामपुर शाहपुर जाने वाले कच्चे रास्ते से टंकी की तरफ जाने वाले रास्ते से एक किलो सौ ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया।

# राष्ट्रीय मीडिया महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक का ऐलान



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय मीडिया महासंघ के द्वारा अलीगढ़ के मुक्ताकाश मंच पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के महामंत्री आरपी शर्मा के द्वारा की गई तो वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मीडिया महासंघ के संयोजक अध्यक्ष डॉ मनु सिंह तोमर रहे तो वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यासिर अली फाउंडर व अतिथियों में मोहम्मद अकरम खान आज तक से, मोहम्मद सोहेल ईटीवी भारत से, मुकेश भारद्वाज शहीदी दरिया से, डॉक्टर मुजाहिद आर के अस्पताल से, खालिद अंसारी वरिष्ठ पत्रकार व अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश संयोजक एबीपी नेटवर्क के पत्रकार के द्वारा कार्यक्रम में शिरकत की गई, अलीगढ़ के ग्रामीण अंचल के पत्रकारों द्वारा इस कार्यक्रम में शिरकत की कार्यक्रम उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट करना था कार्यक्रम के संबोधन के दौरान आरपी शर्मा के द्वारा कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों को एकजुट रहने का संदेश दिया है साथ ही आरपी शर्मा के द्वारा कहा गया जिस तरह से पत्रकारों के द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का काम किया जाता है इस पर रोक लगनी चाहिए आपसी मतभेद भुलाने के बाद पत्रकारों को एक मंच पर आकर खड़ा होना चाहिए जिससे पत्रकारों को एकजुट किया जासके, पत्रकारों की अगर बात कही जाए तो एक दूसरे पर कटाक्ष करने से पत्रकारों में आपसी तनाव बढ़ता है, जिसकी वजह से इसका फायदा सीधा अन्य लोग उठाते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए अगर ऐसा हुआ तो पत्रकार कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

पत्रकारों को एकजुट रहने के लिए पुरानी कमियों को दूर करके आगे आकर एक बैनर तले एक जुटता दिखानी होगी, मोहम्मद अकरम खान के द्वारा कहा गया जिस तरह से आज जो कार्यक्रम हुआ है वह सराहनीय है कार्यक्रम की जो पहल है वह पत्रकारों को एक संगठन के नीचे लाने की है यह एक अच्छी सोच है कार्यक्रम के संयोजक मुशीर अहमद खान के द्वारा की गई है भारतीय मीडिया महासंघ के बैनर तले जो कार्यक्रम आज हो रहा है इसका मुख्य उद्देश्य झाड़ू की तरह पत्रकारों को इकट्ठा कर करके आगे लाना है।

जिससे पत्रकार एकजुट हो सके, पत्रकारों के द्वारा जो आपस में सामंजस्य बिगाड़े जारहे हैं उनको खत्म किया जा सके इसको लेकर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं मुशीर अहमद खान की यह सराहनीय पहल है वही सोहेल अहमद खान के द्वारा कहा गया जिस तरह का दौर डिजिटल दौर आ चुका है इस दौर में पत्रकारों के द्वारा खबर लिखना काफी कठिन है हर राह पर कठिनाई आएगी।

# वाहन की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत, दो गंभीर घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परोली के समीप मंगलवार देर रात किसी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य कांवड़िये घायल हो गए। ये चारों एक ही बाइक पर सवार थे। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उधर, कांवड़ियों की मौत से उनके परिजनों में कोहराम मचा है।





बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी जितिन (20) पुत्र करू, धर्मेंद्र (22) पुत्र रामदास, गौरव पुत्र रामचंद्र और धर्मवीर पुत्र नन्हे एक ही बाइक पर सवार होकर कछला गंगाजल भरने जा रहे थे। इसी बीच बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परोली के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया।

जबरदस्त टक्कर में चारों कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिल्सी सीएचसी भिजवाया। यहां डॉक्टर ने जतिन और धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि गौरव और धर्मवीर की गंभीर हालत देख मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम को भेजे गए हैं।

## बदायूं के कांग्रेसियों ने शोक संवेदना व्यक्त की

**उझानी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरम सिंह यादव के आवास पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह उनके बेटे उर्वेश उर्फ पिंकू के निधन पर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचें। दिनांक 18 फरवरी 2025 को उर्वेश और पिंकू की फतेहपुर बुर्रा फरीदपुर रोड पर मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में चोट लगी थी जिनकी बरेली इलाज के दौरान 23 फरवरी को मृत्यु हो गई थी। आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बीरम सिंह यादव से मिलकर उनको सांत्वना



देते हुए उन्हें आश्वासन दिलाया कि उनके बेटे के साथ घटना घटित हुई है उसको लेकर के कांग्रेस जन उनको न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोरपाल प्रजापति कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उझानी के अध्यक्ष लोकेश पंडित, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण पाराशर आउटरीच कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति उपस्थित रहे।

# अंसार हत्याकांड का एक हत्यारोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अभी भी फरार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिनावर।** बदायूं में पुलिस ने दो दिन पहले हुए अंसार हत्याकांड के एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी फिलहाल फरार है। घटना के पीछे अंसार की बेटी को बहलाकर ले जाने की बात सामने आई है। क्योंकि अंसार ने इस मामले में आरोपी कि शिकायत लगातार पुलिस अधिकारियों से की थी।



पुलिस ने वजीरगंज थाना क्षेत्र के हतरा गांव निवासी फैजान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दो दिन पहले बिनावर में हत्या का केस लिखा गया था। मुकदमे में रिजवान उर्फ मुस्कान निवासी सिकरोड़ी भी नामजद है, जिसकी तलाश जारी है। पकड़ा गया फैजान मुख्य आरोपी रिजवान का भांजा है।

दरअसल, रिजवान ही अंसार की बेटी को दिल्ली से बहलाकर अपने साथ ले गया था। अंसार ने इस मामले में थाने से लेकर महकमे के बड़े अधिकारियों के यहां शिकायत की थी। वह लगातार इस मामले में पैरवी भी कर रहा था। नतीजतन रिजवान व फैजान ने मिलकर रविवार रात अंसार की हत्या कर दी। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह अपने घर से निकलकर पास में लगे हैंडपंप पर पानी भरने गए थे। वारदात में 12 बोर का तमंचा उपयोग किया गया। शव पोस्टमार्टम पर पहुंचा तो डॉक्टर ने उसका एक्सरे कराकर यह अंदाजा लगाया कि छर्रे शरीर के किस हिस्से में हैं। तकरीबन 15 छर्रे बरामद भी कर लिए गए। इंस्पेक्टर क्राइम सहंसवीर सिंह ने बताया कि एक नामजद पकड़ा जा चुका है। दूसरे की तलाश जारी है।

## सार-संक्षेप

### 28 फरवरी को आकाशवाणी पर सुने अहमद अमजदी को



**बदायूं।** मोहल्ला नई सराय निवासी समाजिक, साहित्यिक, संस्कृति, संस्था कारखाने अमजद अकादमी के संस्थापक एवं अध्यक्ष मशहूर ओ माअरुफशायर अहमद अमजदी बदायूँनी का आकाशवाणी रामपुर से शायरी का प्रसारण 28 फरवरी सुबह 9:30 बजे होगा गजल और नात के शौकीन हजरात से गुजारिश है सुनें और शायरी का लुत्फउठाएं यह प्रोग्राम आप रेडियो के साथ-साथ मोबाइल पर भी सुन सकते हैं उसके लिए आपको अपने मोबाइल पर क्रूदसवंक करना होगा इंडिया के सारे चौनल आपके मोबाइल पर दिखने लगेंगे आकाशवाणी रामपुर को टच कीजिये और शायरी का लुत्फ उठाइये

### बंदर के हमले से फल विक्रेता की मौत



**बिसौली।** बदायूं - चंदौसी हाईवे पर बुधवार की सुबह एक बंदर ने सड़क से गुजर रहे बाइक सवार फल विक्रेता पर हमला कर दिया। इस हमले से बाइक अनियंत्रित हो गई और फल विक्रेता सड़क पर गिर पड़े। हादसे में गंभीर रूप से घायल असलम को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। नगर के मोहल्ला कटरा निवासी असलम 65 वर्ष बुधवार की सुबह फलों का हिसाब कर वापस घर आ रही थे, जब बाइक कोतवाली के समीप पहुंची तभी एक बंदर ने अचानक बाइक पर हमला कर दिया जिससे असलम बाइक पर से नियंत्रण खो बैठा और बाइक नियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई है। हादसे के दौरान इस्लाम का सिर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

### ग्रामीण स्तरीय वॉलीवाल टूर्नामेंट 2025 हुआ उद्धघाटन



**बदायूं।** युवा क्लब उसहैत द्वारा ग्रामीण स्तरीय वॉलीवाल टूर्नामेंट 2025 का उद्धघाटन मुख्य अतिथि युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता विशिष्ठ अतिथि निराले खां के द्वारा फीता काटकर कर खिलाड़ियों से परिचय उद्धघाटन किया गया सभी अतिथियों का कमेटी के द्वारा बैचल गा कर शॉल उड़ा कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ध्रुव देव गुप्ता ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये कहा की खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये युवा क्लब उसहैत की कमेटी बधाई की पात्र है ग्रामीण आँचल मे खेलो के टूर्नामेंट होते रहने चाहिये खेल की प्रतिभाओं को निखार का अवसर ग्रामीण आँचल की प्रथम कक्षा के रूप ऐसे आयोजनों से ही प्राप्त होता है।

इस अवसर विशिष्ठ अतिथि निराले खाँ ने खिलाड़ियों को सम्बोधित किया और कहा की उस हैत क्षेत्र की प्रतिभाओं के ऐसे आयोजन ग्रामीण आँचल के युवाओं खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने का काम करेंगे। पहला मुकाबला उसहैत बनाम पजावा के बीच हुआ। जिसमें पजावा क्लब ने जीत हासिल की दूसरा म्यांऊ म्यांऊ किंग क्लब बना उसहैत का हुआ जिसमें म्यांऊ किंग क्लब ने जीत हांसिल की। तीसरा टूर्नामेंट म्यांऊ किंग क्लब बनाम भंद्रा यूथ के बीच हुआ म्यांऊ किंग क्लब ने जीत हासिल की

# बिसौली के शिव मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन करने और उनकी पूजा अर्चना करने के लिए जुटे रहे।



बुधवार को नगर व क्षेत्र के सभी मंदिर भगवान शिव के भजनों व जयकारों से गूंज उठे, रुद्राष्टक के स्वर और हर - हर महादेव के जयकारे लगे। वहीं मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिव का अभिषेक किया। इस दौरान मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। सुबह सवेरे लोगों ने शिवालयों में भगवान शिव को जल, दूध, दही, मधु, चंदन, बेलपत्र, फुल, आक, धतूरा, भांग व पान सुपारी जैसी प्रिय वस्तुओं को अर्पित किया। वहीं ढोल मजीरे के साथ शिव भक्ति के गीतों से मंदिर और आसपास के माहौल को गुंजायमान किया। कुछ मंदिरों में इस मौके पर रुद्राभिषेक भी किया गया।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे महादेव के जयकारे, भक्तों ने गंगाजल से किया अभिषेक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के कछला गंगा घाट पर कांवड़ियों समेत गंगा स्नान करने वालों की भारी रही। कांवड़ियों ने गंगा से जल भरा और अपने अपने शिवालयों के लिए रवाना हुए। महाशिवरात्रि पर जिले के 142 शिवालयों पर बुधवार तड़के से जलाभिषेक शुरू हुआ। कई मंदिरों में दोपहर तक कतार लगी रही। जिले के 54 मंदिरों पर मेला भी लगा।



बुधवार को महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के साप्ताहिक बाजार के पास स्थित बाबा खाटू श्याम धाम मंदिर, भांसी रोड स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर, ग्राम देवता मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, पुराने थाने के पास स्थित शिव मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, काली माता मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ और ठाकुर द्वारा मंदिर समेत सभी मंदिरों के द्वार सुबह चार बजे ही खोल दिए थे।

इससे पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया। शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों में विशेष रूप से रुद्राभिषेक भी किया गया।

सोई गांव स्थित मंदिर पर रात तीन बजे से श्रद्धालुओं की कतार लग गई। ग्रामीण क्षेत्रों व आसपास के जनपदों से श्रद्धालु शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भीड़ उमड़ने को दृष्टिगत रखते हुए पुलिसकर्मी तैनात रहे। मंदिरों के बाहर बेलपत्र बेचने वालों की दुकानें लगी रहीं।

उघैती क्षेत्र के गांव शरह बरौलिया में प्राचीन शिव मंदिर पर कांवड़ियों की टोली ने गंगाजल से अभिषेक किया। इस धाम पर पहले दिन मेला शुरू हुआ। जिसमें खरीदारी को लेकर भारी भीड़ उमड़ी। महंत सोहनदास बाबा ने बताया कि शरह बरौलिया का शिव मंदिर प्राचीन शिव मंदिर है, जिससे कई गांवों की आस्था है। महाशिवरात्रि पर कुंवरगांव के शिवमंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। सुबह से ही नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और वेल पत्र व दूध चढ़ाकर अभिषेक किया।

# एनएसएस शिविर में हुआ सुन्दर काण्ड पाठ, स्वास्थ्य सर्वेक्षण

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की अंबेडकर इकाई के ग्राम रसूलपुर बिलहरी में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वास्थ्य साधना दिवस का आयोजन कर विविध प्रकार के योगासन प्राणायाम और व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर सर्वेक्षण कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य समस्याओं को जाना और उन्हें रोगों से बचने के लिए जागरूक किया। बौद्धिक सत्र के पूर्व शिविर स्थल स्थित काली माता मंदिर परिसर में गोविंद बल्लभ पंत डिग्री कॉलेज कछला के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ सुमित कुमार के आचार्यत्व में सुन्दर काण्ड का सामूहिक सस्वर पाठ और आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।





एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने निरोग रहने के लिए शुद्ध स्वच्छ पौष्टिक खानपान, आचार विचार, संयम, प्रसन्नता, शारीरिक श्रम, भरपूर नींद, योगासनों एवं प्राणायाम का क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला। डॉ जायसवाल ने कहा कि भौतिकतावादी जीवन शैली की अपेक्षा प्राकृतिक जीवन शैली से व्यक्ति स्वस्थ और दीर्घायु होता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ संजीव राठौर ने कहा कि शरीर की निष्क्रियता, आलस्य, बाजारू खाना और बिना भूख के भोज्य पदार्थ ग्रहण करना स्वास्थ्य के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि भोजन में विविधता विभिन्न प्रकार के विटामिन्स व खनिज की कमी को दूर करता है। इस अवसर पर डॉ प्रेमचन्द चौधरी, निखिल सिंह चौहान, नंदिनी शंखधार, मोहन माथुर, प्रिन्स सक्सेना, विपिन कुमार, पवन कुमार, पंकज पाल, विनोद, रुति वार्ष्णेय, कौशल कुमार, अनामिका आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज को मिला जनरल सर्जन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में अब तक जनरल ऑपरेशन न हो पाने के कारण मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ रहा था। अब मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जन डॉ. अमित गुप्ता की तैनाती कर दी गई है। इससे अब यहां पथरी, आंत व पेट संबंधी बीमारियों के ऑपरेशन भी शुरू हो जाएंगे। अब तक मेडिकल कॉलेज में एकमात्र सर्जन डॉ. विपिन ही तैनात थे। चूंकि, वह सीएमएस भी हैं इसलिए ज्यादा ऑपरेशन संभव नहीं हो पा रहे थे।





जिला अस्पताल में चार महीने से जनरल सर्जन नहीं है। यहां महज हड्डी के सर्जन डॉ. रियाज ही हैं। वहीं मेडिकल कॉलेज में एक मात्र सर्जन डॉ. विपिन हैं तो सीएमएस होने के नाते उन पर काम इतना अधिकर होता है कि वे न के बराबर सर्जरी कर पाते हैं। हालांकि यहां सर्जन के 16 पद सृजित हैं। ऐसे में मरीजों को सैफई और अलीगढ़ रेफर किया रहा था। अमर उजाला ने इस समस्या को पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद शासन ने मेडिकल कॉलेज में सर्जन डॉ. अमित गुप्ता की तैनाती कर दी है। जनरल सर्जन के तैनात होने के बाद मेडिकल कॉलेज में अब पथरी, आंत व पेट संबंधी बीमारियों के ऑपरेशन हो सकेंगे। सर्जन के जाने के बाद छोटे ऑपरेशन तक के लिए मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता था। हालांकि लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल को भी कम से कम एक जनरल सर्जन मिले तो बात बने।

# बदायूं में उर्स-ए-फरीदी के मौके पर शानदार मुशायरों का आयोजन

## मुशायरों में शायरों ने पढ़े उम्दा कलाम

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** हर साल की तरह इस साल भी बाबा फरीद के पोते कुतबे बदायूं मुफ्ती शाह मोहम्मद इब्राहिम फरीदी का दो रोजा सालाना उर्स ए फरीदी का आगाज सुबह बाद नमाजे फज्र कुरआन ख्वानी से हुआ। दोपहर में 11वीं शरीफकी न्याज हुई। जिसके बाद शाम 4:00 बजे चादर शरीफ का जुलूस मोहल्ला कामांगरान स्थित खानकाहे फरीदिया से दरगाह पहुंचा। जिसमे अकीदतमंदो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बाद नमाजे इशा साहिबे सज्जादा खानकाह आबादानिया, फरीदिया बदायूं शरीफ, हजरत मोहम्मद अनवर अली फरीदी (सुहैल फरीदी) साहब की सदारत में महफिल मिलाद शरीफ के बाद तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। रात्रि दो बजे तक चले मुशायरे में जनपद, गैर जनपद, गैर प्रांत के शोअरा हजरात द्वारा नात ओ मनकबत पेश की गई।



सज्जादा हजरत मोहम्मद अनवर अली सुहैल फरीदी ने फरमाया-

उनके शैदा की आजाब शान है रब शाहिद है,<br>हाथ मिट्टी को लगा दे तो वह सोना हो जाए।

उस्ताद शायर डॉ मुजाहिद नाज बदायूंनी ने कहा-

जीते जी मुझसे कोई काम तो ऐसा हो जाये,<br>हश्र में जो मेरी बख्शिश का जरिया हो जाये।

अहमद अमजदी ने पढ़ा-

वह अगर चाहे तो दीदारे मदीना हो जाये,<br>बैठे-बैठे ही यहीं मुझको नजारा हो जाये।

शम्स मुजाहिदी बदायूंनी ने कहा-

मूंह दिखाने का सरे हश्र बहाना हो जाये,<br>सिर्फ इक बार मदीना मिरा जाना हो जाये।

ई० वारिस रफी ने कहा-

ऐ खुदा तेरा अगर अदना इशारा हो जाये,<br>परचमे दीने मोहम्मद यहां ऊंचा हो जाये।

मीरानपुर कटरा के मु०सलीम खां सलीम ने पढ़ा-

एक पल में ही इलाजे गमे दुनिया हो जाये,<br>जिस पे पड़ जाए नजर उनकी वो अच्छा हो जाये।

अब्दुल जलील फरीदी ने पढ़ा-

काश अपना ले मुसलमा जो उसूले इस्लाम,<br>सबसे ऊंचा यहां इस्लाम का झंडा हो जाये।

सऊद फरीदी ने पढ़ा-

उनकी रहमत की नजर हो तो मुकद्दर चमके,<br>बंद दरवाजा भी किस्मत का कुशादा हो जाये।

इनके अलावा हाफिज मुकर्रम, सगीर सैफी, मुही बख्श कादरी, नईम शाहजहांपुरी, मोहम्मद हसन कादरी, हाफिज नईम, मोहम्मद तालिब, अब्दुल कयूम फरीदी, मोहम्मद नाजिम उरौलवी, मोहम्मद आतिफ, अयूब अली, मोहम्मद नईम, फैज फरीदी, आरिश फरीदी, नाजिम आदि ने भी कलाम पेश किए।

## संपादकीय

# खेती की सेहत सुधारने की कोशिश



विश्व की ढाई प्रतिशत जमीन पर दुनिया की 17.8 प्रतिशत जनसंख्या का पेट भरना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य है। अब तक देश के किसान इस चुनौती पर खरे उतरे हैं, लेकिन मिट्टी की उर्वरता में ह्रास की दर को देखें तो भविष्य की राह आसान नहीं है। बेजान होती मिट्टी का ही नतीजा है कि बुजुर्ग यह शिकायत करते रहते हैं कि आखिर अनाज इतने बेस्वाद कैसे होते जा रहे हैं। पहले किसान एक साथ कई फसलें बोते थे और एक ही फसल की सैकड़ों किस्में मौजूद थी। दरअसल हरित क्रांति के दौर में क्षेत्र विशेष की पारिस्थितिकी दशाओं की उपेक्षा कर फसलें ऊपर से थोपी गईं। जैसे दक्षिण भारत में गेहूं और पंजाब में धान की खेती। किसान उन्हीं फसलों की खेती करने लगे, जिनका बाजार में अच्छा मूल्य मिलता हो। इससे दलहनी, तिलहनी फसलें अनुर्वर और सीमांत भूमियों पर धकेल दी गईं। इस प्रकार फसल चक्र थमा, जिससे मिट्टी की उर्वरता, नमी, भुरभुरेपन में कमी आनी शुरू हुई। इसकी भरपाई के लिए रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बढ़ा और हरी खाद, कंपोस्ट आदि भुला दिए गए। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के प्रयोग से शुरू में तो उत्पादकता बढ़ी, लेकिन आगे चलकर उसमें गिरावट आने लगी। उदाहरण के लिए 1960 में एक किलो रासायनिक खाद डालने पर उपज में 25 किलो की बढ़ोतरी होती थी, जो कि 1975 में 15 किलो और 2014 में चार किलो ही रह गई। मिट्टी के महत्व का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिस मिट्टी की दो सेंटीमीटर मोटी परत बनने में 500 साल लग जाते हैं, वह महज कुछ ही सेकेंडों में नष्ट हो जाती है। अब तक देश की 9.60 लाख हेक्टेयर भूमि नष्ट हो चुकी है। हर साल 5.3 अरब टन मिट्टी की ऊपरी परत जल कटाव से नष्ट हो रही है।

दशकों की उपेक्षा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मिट्टी की सेहत की सुध लेते हुए 19 फरवरी 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में स्वस्थ धरा-खेत हरा थीम के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की। इस योजना के तहत साल में दो बार मिट्टी के नमूने लिए जाते हैं अर्थात रबी और खरीफफसल की कटाई के बाद या जब खेत में कोई फसल न लगी हो। मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिट्टी में मौजूद 12 तत्वों की मात्रा दिखाता है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार होने के बाद कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि सखी आदि किसानों को सुझाव देते हैं कि किस मिट्टी में किस उर्वरक का प्रयोग किया जाए। इससे रासायनिक उर्वरकों के अनावश्यक और असंतुलित इस्तेमाल में कमी आई है। गुजरात में मृदा स्वास्थ्य कार्ड को मिली सफलता को देखते हुए ही प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने इसे पूरे देश में लागू किया।

इस योजना के एक दशक पूरा होने तक देश में 24.74 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। देश भर में 8,272 मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गईं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड पोर्टल सभी प्रमुख भाषाओं में कार्ड की सुविधा प्रदान करता है। केंद्र सरकार के इस अनूठे कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और एकलव्य माडल स्कूलों को शामिल किया गया है। 2024 तक 1,020 स्कूल मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रहे हैं। इन स्कूलों में 1,000 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का 2022-23 से मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता नाम से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में एक घटक के रूप में विलय कर दिया गया है। सरकार ने जून 2023 में ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं (वीएलएसटीएल) के लिए दिशानिर्देश जारी किए। वीएलएसटीएल की स्थापना ग्रामीण युवाओं और समुदाय आधारित उद्यमियों द्वारा की जा सकती है, जिसमें स्वयं सहायता समूह, स्कूल, कृषि विश्वविद्यालय आदि शामिल हैं। फरवरी 2025 तक 17 राज्यों में 665 ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। 2023 में सरकार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पोर्टल को भौगोलिक सूचना प्रणाली के साथ एकीकृत कर दिया, ताकि सभी परीक्षण परिणामों को मानचित्र पर देखा जा सके। सरकार ने पोषण आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना भी शुरू की है। इसमें उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक 21 उर्वरकों को एनबीएस योजना के दायरे में लाया जा चुका है।

**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# शराब नीति पर कठघरे में आप, कैग की रिपोर्ट से बेनकाब होंगे कई



केजरीवाल सरकार की शराब नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अर्थात कैग की रिपोर्ट आम आदमी पार्टी को कठघरे में खड़ा करने वाली ही नहीं, बल्कि उसे बेनकाब करने वाली भी है। कैग की इस रिपोर्ट के अनुसार मनमानी शराब नीति से 2000 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व की क्षति हुई। कैग ने केवल यही नहीं बताया है कि शराब नीति को मनमाने तरीके से तैयार और क्रियान्वित किया गया, बल्कि इस पर भी प्रकाश डाला है कि कैसे नियमों का उल्लंघन कर कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया और उसके चलते कहां कितना घाटा हुआ? कैग की रिपोर्ट एक तरह से उस बहुचर्चित शराब घोटाले की पुष्टि कर रही है, जिसमें अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा था। केजरीवाल और उनके साथियों ने इस घोटाले को छिपाने के जतन किए, इसका पता इससे चलता है कि कैग ने शराब नीति पर अपनी रिपोर्ट मार्च 2024 में ही सौंप दी थी, लेकिन उसे विधानसभा में पेश करने से इन्कार किया गया। कोई भी समझ सकता है कि ऐसा क्यों किया गया होगा। समस्या केवल यह नहीं कि शराब नीति पर कैग की रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत करने से बचा गया, बल्कि यह भी है कि अन्य मामलों पर भी उसकी रिपोर्टें दबा दी गईं। कैग की एक नहीं, कुल 14 रिपोर्टें हैं, जिन्हें विधानसभा में पेश करने से मुंह मोड़ा गया। इनमें से एक रिपोर्ट कोविड काल में मुख्यमंत्री आवास की विलासितापूर्ण साज-सज्जा में अनाप-शनाप सरकारी व्यय की भी है।

इस सबसे यदि कुछ सिद्ध हो रहा है तो यही कि आम आदमी पार्टी ने नई तरह की राजनीति करने, स्वयं को कट्टर ईमानदार दिखाने और सुशासन के उच्च मानदंड स्थापित करने की जो बड़ी-बड़ी बातें की थीं और जिनसे प्रारंभ में लोग प्रभावित भी हुए थे, वे नितांत खोखली थीं।

अब यह और अधिक आसानी से समझा जा सकता है कि पिछले दो दिनों से दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायक हंगामा क्यों करने में लगे हुए हैं। चूंकि यह हंगामा सतही और निरर्थक मुद्दों पर किया जा रहा, इसलिए यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि उसका एकमात्र उद्देश्य जनता का ध्यान भटकाना है, लेकिन अब ऐसी पैंतरेबाजी चलने वाली नहीं।

आम आदमी पार्टी की ओर से यह जो आरोप लगाया गया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से आंबेडकर और भगत सिंह के फोटो हटाकर उनका अपमान किया गया, वह झूठा तो साबित ही हुआ, जनता को यह भी स्मरण हो आया कि यह अरविंद केजरीवाल ही थे।

# मुफ्त रेवड़ी की राजनीति पर रोक के संकेत, शीर्ष अदालत पर टिकी नजर

दिल्ली विधानसभा में राजनीतिक दलों के बीच लोकलुभावन घोषणाओं की होड़ लगी हुई थी। संयोग से इसी दौरान उच्चतम न्यायालय में भी ऐसी घोषणाओं से जुड़े मामले की सुनवाई चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने ऐसी घोषणाओं के लिए राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इनके जरिये लोगों को परजीवी बनाया जा रहा है।

जस्टिस गवई ने कहा कि चुनावी प्रलोभन लोगों को काम करने के लिए हतोत्साहित कर रहे हैं। महाराष्ट्र में कामगारों की किल्लत के संदर्भ में उन्होंने यह टिप्पणी की। राज्य में लाडकी बहिन जैसी योजनाओं के चलते काम किए बिना ही कुछ पैसे मिल जा रहे हैं तो मुफ्त अनाज की सुविधा भी मिली हुई है। परिणामस्वरूप काम करने के लिए लोगों की कमी हो गई है। कुछ दिन पहले ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए उन्होंने कहा था कि राज्यों के पास निठल्लों को पैसे देने के लिए संसाधनों की कमी नहीं, मगर जब न्यायिक अधिकारियों को वेतन-पेंशन जैसी सुविधाएं देने की बारी आती है तो वे खाली खजाने का रोना रोने लगते हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी यानी आप की रेवड़ी राजनीति को जनता ने खारिज कर दिया, लेकिन ऐसी राजनीति को लेकर बहस पर अभी विराम नहीं लगा है। इस राजनीति की बात करें तो तमिलनाडु में इसकी शुरुआत हुई, जहां मतदाताओं को लुभाने के लिए टेलीविजन सेट, मिक्सर ग्राइंडर, कंप्यूटर-लैपटाप और अन्य घरेलू उपकरणों के साथ ही मुफ्त राशन दिया जाने लगा।



हालांकि कर्नाटक और केरल जैसे पड़ोसी राज्यों को यह बीमारी लंबे समय तक संक्रमित नहीं कर पाई थी, लेकिन भारतीय राजनीति में अरविंद केजरीवाल के उभार ने रेवड़ी राजनीति के समीकरण पूरी तरह बदल दिए। केजरीवाल मुफ्त बिजली, पानी और परिवहन सेवाओं के जरिये मुफ्तखोरी की राजनीति को एक अलग ही स्तर पर ले गए। तमिलनाडु और दिल्ली की रेवड़ी राजनीति में एक मूलभूत अंतर भी था कि तमिलनाडु में घरेलू उपकरण जैसी सौगात के लिए एकबारगी खर्च होता था, लेकिन आप की रेवड़ी राजनीति ने बिजली-पानी जैसी निरंतर चलने वाली सुविधाओं के लिए भी लोगों को मुफ्तखोरी की आदत लगा दी। यानी इनके लिए सरकारी खजाने पर निरंतर बोझ पड़ना तय होता है। अपनी इन पेशकशों के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के दो विधानसभा चुनावों में 70 में से 60 से अधिक सीटें हासिल कीं, जिसमें विपक्ष हाशिए पर चला गया तो 15 साल तक राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस उसके बाद से खाता तक नहीं खोल पाई। वहीं, आप दिल्ली माडल के दम पर पंजाब की सत्ता हासिल करने से लेकर कई राज्यों में पैठ बनाकर राष्ट्रीय दल बन गई। दिल्ली राज्य की सत्ता में भाजपा का 27 साल से चला आ रहा वनवास अगर समाप्त हुआ है तो उसमें पार्टी के उस वादे को अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिसमें उसने कहा कि आप सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं न केवल चालू रखी जाएंगी, बल्कि उन्हें और सक्षम बनाया जाएगा।

कांग्रेस भले ही दिल्ली में किसी तरह पनप न पा रही हो, लेकिन उसने भी गारंटी के नाम पर चुनाव जीतने के लिए बड़े-बड़े वादों का दांव चला। कर्नाटक की सत्ता में पार्टी ऐसे ही लोकलुभावन वादों के जरिये सत्ता में आ सकी। हालांकि इन वादों की इतनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी कि राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सार्वजनिक रूप से कहना पड़ा कि मुफ्त की योजनाओं से जुड़े वादों की पूर्ति के बाद विकास कार्यों के लिए कुछ खास धन नहीं बचा। हिमाचल की कांग्रेस सरकार को भी ऐसे ही वादों के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली में आप और कर्नाटक में कांग्रेस के लोकलुभावन वादों से सबक लेते हुए भाजपा ने भी इस मोर्चे पर अपने प्रयास तेज किए। भाजपा द्वारा मध्य प्रदेश में अपनी सत्ता कायम रखने और छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान जैसे राज्य कांग्रेस से झटकने में महिलाओं के लिए की गई पार्टी की विशेष पेशकशों की अहम भूमिका देखी गई।

तेलंगाना में जनता ने कांग्रेस की गारंटियों पर भरोसा जताया, जबकि भाजपा ने वहां भी लाडली लक्ष्मी के जरिये 1,250 रुपये प्रति माह नकदी से लेकर कालेज जानी वाली लड़कियों के लिए स्कूटी का वादा किया था। संविधान में निर्दिष्ट राज्य के नीति निदेशक तत्वों में केंद्र और राज्य सरकारों को नागरिकों का जीवन स्तर सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है, लेकिन दिल्ली की आप सरकार ने लोगों के आर्थिक दर्जे को दरकिनार करते हुए सभी को मुफ्त बिजली-पानी देना और महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा करानी शुरू कर दी। इसकी देखादेखी कांग्रेस ने भी कर्नाटक में महिलाओं को हर महीने नकदी, हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देना शुरू कर दिया। इसके बाद तो इस सिलसिले ने ऐसा जोर पकड़ा कि भाजपा भी पीछे नहीं रही। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बाद हाल के हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी राजनीतिक दलों की यही मंशा दिखी। दिल्ली में भी भाजपा ने बढ-चढ़कर घोषणाएं कीं।

## खेल-खिलाड़ी

# पूर्व भारतीय कोच लालचंद राजपूत ने की विराट कोहली की तारीफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में खेले गए चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ाकर भारत को जीत दिलाई थी। इसके बाद उनकी चारों तरफ वाहवाही हो रही है। इसी कड़ी में भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच लालचंद राजपूत ने भी पूर्व भारतीय कप्तान की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि किंग कोहली ने साबित कर दिया कि वह बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में कोहली ने अपने वनडे करियर का 51वां वनडे शतक जड़ा। उन्होंने 111 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। वह सबसे तेजी से वनडे में 14000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने इस मामले में सचिन को पीछे छोड़ दिया। कोहली दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस प्रारूप में 14000 रनों का आंकड़ा छूआ है। उनके अलावा सचिन और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा ही इस उपलब्धि तक पहुंचे हैं। कोहली के वनडे में फिलहाल 14085 रन हैं और वह




सचिन से 4341 रन पीछे हैं। सचिन के नाम वनडे में 18426 रन बनाने का रिकॉर्ड है। समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए लालचंद राजपूत ने कहा- मुझे लगता है कि विराट ने शानदार पारी खेली और उन्होंने अपनी क्लास दिखाई। हम हमेशा किंग कोहली के बारे में सोचते हैं, मुझे लगता है कि उन्होंने फिर से साबित कर दिया कि वह बड़े मैच, बड़ा स्वभाव और बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। उन्होंने आगे कहा- यह भारतीय टीम निर्दयी दिखती है। वे हर मैच में हावी होने और जीतने की कोशिश करते हैं। वे विरोधियों को खेल में वापस आने का मौका नहीं देना चाहते। यही उनका रवैया है। और जिस तरह से वे खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि उन्हें चौंपियंस ट्रॉफी आसानी से जीतनी चाहिए। इस दौरान अफगानिस्तान के पूर्व मुख्य कोच ने अगले मैच में रोहित शर्मा के बल्ले से शतकीय पारी निकलने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा- विराट के बल्ले से शतक आ चुका है, अब बारी है रोहित शर्मा की। वे भी बचे हुए टूर्नामेंट में शतक लगा सकते हैं। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड पर जीत के बाद रोहित शर्मा की टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। अब टीम को लीग स्टेज पर अपना तीसरा मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। दो मार्च को खेले जाने वाले इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। भारत अपने विजयी अभियान को जारी रखने का उद्देश्य लेकर उतरेगा।

# युवराज के पिता योगराज बोले- एक साल में पाकिस्तान क्रिकेट सुधार दूंगा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने वसीम अकरम और शोएब अख्तर जैसे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों को जमकर लताड़ा है। योगराज ने इन पूर्व क्रिकेटरों की युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के बजाए कमेंट्री और वित्तीय लाभ लेने के कारण आलोचना की है।

योगराज का कहना है कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने अपने पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों की सलाह की आवश्यकता है। योगराज ने इसके साथ ही चौलेंज किया है और दावा करते हुए कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट को सिर्फ एक साल में सुधार सकते हैं। उनका बयान ऐसे समय सामने आया है जब मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन चौंपियंस ट्रॉफी में काफी खराब रहा है और टीम को ग्रुप चरण में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के इरादे से उतरी थी, लेकिन उसे न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका सफर शुरुआती चरण में ही थम गया। योगराज सिंह ने कहा, वसीम अकरम जैसे बड़े खिलाड़ी खराब बातें बोल रहे हैं और उनके आसपास बैठे लोग हंस रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए।

शोएब अख्तर इतने बड़े खिलाड़ी हैं और वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तुलना रोहित शर्मा और विराट कोहली से कर रहे हैं। वसीम जी आप वहां बैठकर पैसे कमा रहे हैं। अपने देश जाएं और शिविर लगाएं। मैं देखना चाहता हूं कि आप में से कितने दिग्गज पाकिस्तान को विश्व कप दिलाने में मदद करते हैं। अगर वे ऐसा नहीं कर सके तो इस्तीफा दें। उन्होंने कहा, अगर मैं पाकिस्तान गया तो मैं टीम को एक साल में बेहतर बना दूंगा। आप सब मुझे याद रखेंगे। यह बस जुनून की बात है। योगराज सिंह रोजाना 12 घंटे की ट्रेनिंग कराता है। आपको अपने देश के लिए खून-पसीना लगाना होगा। कमेंट्री बॉक्स में बैठकर बड़ी-बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होता। योगराज ने शोएब अख्तर पर निशाना साधा क्योंकि उन्होंने टीवी पर दावा किया था कि पाकिस्तान के पास अब प्रतिभा नहीं बचा नहीं है। अख्तर लगातार बाबर की तुलना कोहली से, मोहम्मद रिजवान की रोहित से और खुशदिल शाह की तुलना रवींद्र जडेजा से कर रहे थे। अख्तर ने सवाल खड़े किए थे कि क्या पाकिस्तान के खिलाड़ी अपने भारतीय समकक्ष की तुलना में फिट बैठते हैं। योगराज ने अख्तर का दावा खारिज किया और कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को सही मेंटरिंग और मार्गदर्शन की जरूरत है। योगराज ने इस बात को भी मानने से इन्कार कर दिया कि पाकिस्तान के पास प्रतिभा की कमी है। उन्होंने इमरान खान का उदाहरण दिया और कहा कि मौजूदा पीढ़ी के क्रिकेटरों को मजबूत मेंटर की जरूरत है।



# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमेटी बनाने पर दिया जोर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार पीडीए बैठक का आयोजन नेताजी मुलायम सिंह यादव पुस्तकालय पावर हाउस नई कॉलोनी के सामने चंदौसी में सुभाष ने अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित की। सुभाष वाल्मीकि ने पीडीए के अनुसार जिला और नगर कमेटी बनाने पर जोर दिया साथ ही बूथ लेवल की कमेटी में भी पीडीए का पालन हो। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सत्ताधारी दल ने झूठे जुमलों से देश की जनता को गुमराह किया सपा की पीड़ाएँ पंचायत में जमकर बरसे जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी तथा अध्यक्षता नईमुल हसन उर्फ लडडन मियाँ ने की। पीडीए बैठक का संचालन उमेश यादव विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किया गया, संजय मदान नगर अध्यक्ष, गुलशन राय, मास्टर आकिल, राजेश कुमारी यादव, संगीता पाल, विजेन्दर सिंह, मनोज शर्मा, होराम सिंह, राजीव यादव, मदन लाल चौहान, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद बाबर, फराज असगर, श्याम सिंह , प्रेम सिंह प्रजापति, ओम प्रकाश प्रजापति, पूरन सिंह मौर्य, मुन्ना लाल शाक्य, अभिषेक कुमार धुरुब, अन्ना ख़ान नावेद ख़ान योगेश यादव मनोज शर्मा राजीव कुमार महदी मनबीर सिंह एहसान संगीता पाल समीर प्रजापति शिवराज सिंह साबिर ख़ान वीरपाल यादव रत्नेश दिवाकर राहुल जाटव योगेश यादव रोहन सिंह विपिन कुमार राहुल वाल्मीकि हर्षित वाल्मीकि ध्रुव बाल्मीकि अभिषेक कुमार वाल्मीकि आदि।

# आईआईटी प्रोफेसर और दोस्त ने कांवड़ियों से की अभद्रता और मारपीट



**रुड़की।** आईआईटी के गेट के सामने हाईवे पर आईआईटी के कार सवार एक प्रोफेसर ने एक कांवड़िए को टक्कर मार दी। विरोध करने पर उसने दोस्त के साथ मिलकर अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। जिससे कांवड़ियों ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। साथ ही प्रोफेसर और उसके साथी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई और शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर निवासी कुछ कांवड़िए हरिद्वार से मुजफ्फरनगर डाक कांवड़ लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह रात करीब साढ़े दस बजे रुड़की स्थित शताब्दी द्वार के पास पहुंचे तो एक कांवड़िए ने डाक कांवड़ निकालने के लिए कार रोकने के लिए हाथ दिया।

इस पर कार चालक ने कार नहीं रोकी और कांवड़िए को टक्कर मार दी। इतना ही नहीं विरोध करने पर दोबारा कांवड़िए को टक्कर मार दी। इसे लेकर हंगामा हो गया। कांवड़ियों ने विरोध किया तो कार में सवार आईआईटी के प्रोफेसर और उनके दोस्त ने अभद्रता कर दी। आरोप है कि कार से बाहर निकलकर कांवड़िए से मारपीट कर दी जिससे हंगामा और बढ़ गया।

हंगामा होता देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही एएसपी कुश मिश्रा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही कांवड़ियों को समझाकर शांत किया। इस दौरान कांवड़ियों ने कार सवारों पर कांवड़ खंडित करने का भी आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस के समझाने के बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हो गई। वहीं, पुलिस आईआईटी के प्रोफेसर और उनके दोस्त को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। एएसपी कुश मिश्रा ने बताया कि आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर गोंडाई मई रंजन निवासी चगागई इंफाल, थाना इफाल वेस्ट जिला इंफाई, मणिपुर हाल आईआईटी रुड़की और मानस निवासी डबल फाटक, ढंडेरा, रुड़की का शांतिभंग में चालान कर दिया है। मारपीट की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी कब्जे में ले गई थी जिसमें उक्त लोग मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

# महिला भाजपा नेता के अश्लील फोटो बनाकर कोरियर से भेजे घर




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला भाजपा नेता के अश्लील फोटो बनाकर बिजनौर के दंपती ने उनके घर कोरियर से भेज दिए। ब्लैकमेल कर 1० लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये नहीं देने पर अश्लील फोटो को रिश्तेदारियों में भेजकर बदनाम करने की धमकी दी गई। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की बात कही।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बिजनौर के पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।अमरोहा में रहने वाले व्यापारी की पत्नी भाजपा नेता हैं। वह अपने समाज के एक संगठन में पदाधिकारी और एक बीमा कंपनी की एजेंट भी हैं। आरोप है कि बिजनौर जिले के शिवाला कलां थानाक्षेत्र के झुझैला के रहने वाले मुकुदेव शर्मा ने उनकी नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये नकद लिए थे। बाद में उसने न तो नौकरी लगवाई और न रुपये वापस किए। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते मुकुदेव शर्मा ने अपनी पत्नी प्रियंका त्रिपाठी के साथ मिलकर महिला भाजपा नेता के अश्लील फोटो बना लिए और कोरियर के माध्यम से उनके घर पर भेज दिए। इतना ही नहीं एक पेपर पर अपशब्द भी लिखकर भेजा। मुकुदेव शर्मा लगातार फोन पर मुकदमा वापस लेने के लिए धमका रहा है। अश्लील फोटो रिश्तेदारियों में भेजने की धमकी देकर 1० लाख रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की भी धमकी दी है। दंपती की हरकतों के कारण महिला भाजपा नेता मानसिक रूप से परेशान हैं। पीड़ित महिला भाजपा नेता ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी मुकुदेव शर्मा और उसकी पत्नी प्रियंका त्रिपाठी के खिलाफ जबरन वसूली करने और किसी व्यक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** तहसील के ग्राम मोहम्मदपुर भंडा में युवा मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर के आवास पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार भारतीय किसान यूनियन भारत राष्ट्र सेवक संघ द्वारा दिनांक 9/3/2०25 दिन रविवार को प्रात: 1 बजे जिला अमरोहा तहसील धनोरा के ग्राम-देवपुरा, अंबेडकर पार्क में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (पुरस्कार समारोह) का कार्यक्रम किया जाएगा। जिससे सभी राष्ट्रीय कार्यकर्ता प्रदेश कार्यकर्ता मंडल कार्यकर्ता जिला कार्यकर्ता तहसील कार्यकर्ता ब्लॉक कार्यकर्ता ग्राम कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अति आवश्यक है। जिसमें राष्ट्रीय संरक्षक भाकियू व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत राष्ट्र सेवक संघ प्रोफेसर विनोद नागर जी तथा सभी वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकर्ता पधार रहे हैं अत: आप सभी से निवेदन है की समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनांए।

मीटिंग का संचालन एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर कानूनी सलाहकार तहसील संभल युवा मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद के द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री सरपाल सिंह द्वारा की गई जिसमें युवा ब्लॉक महामंत्री मनीराम सिंह को कार्ड देकर बैठक में सम्मानित किया गया।

ग्राम के सभी पदाधिकारी को संगठन के कार्ड दिए गए जिसमें राजेंद्र सिंह खारी, विजयपाल सिंह, समरपाल सिंह खारी, अमित खारी, मुनीराम सिंह खारी, अशोक खारी, प्रमेन्द्र सिंह खारी, धीरज सिंह गुर्जर, पिंकू खारी, विजेंद्र सिंह भाटी, गुड्डू खारी, पिंकू मावी आदि व्यक्ति भारतीय किसान यूनियन (बीआरएसएस) की बैठक में उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बच्चे को पाकर परिवारजनों के खिले चेहरे की पुलिस प्रशंसा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार व थाना प्रभारी हयातनगर चमन सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में चल रहे आपरेशन मुस्कान के अंतगर्त महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टीगत सभी मंदिरों एवं शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा चल चढाया जा रहा था इसी दौरान एक छोटा बच्चा उम्र करीब 8 वर्ष थाना हयातनगर क्षेत्र के पातालेश्वर मंदिर के पास लावारिस अवस्था में घूमता मिला पुलिस द्वारा पूछने पर बच्चे ने अपना नाम अमरजीत बताया, बच्चे से उसके माता-पिता के बारे में पूछा गया तो नहीं बता सका। जिसके सम्बन्ध में तत्काल थाना हयातनगर से अविलम्ब एक टीम का गठन किया गया व बच्चे के माता पिता को ढूंढने की कवायत शुरू की गई लगातार अथक प्रयास एवं आस पास के लोगों व सोशल मिडिया के माध्यम से बामुश्किल बच्चे के परिजनों की जानकारी मिली, जानकारी करने के बाद बच्चे के परिजनों गीता पत्नी जगराम निवासी लहराकमंगर व बनवारी पुत्री रामप्रसाद निवासी ग्राम लहराकमंगर थाना हयातनगर जनपद सम्भल को थाने बुलाकर बच्चे को थाने से सकुशल सुपुर्द कर रुखसत किया गया। इस दौरान बच्चे के परिजन अपने गुमशुदा बच्चे को पाकार काफी प्रसन्न हुए एवं पुलिस प्रशंसा की।

### श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिव मंदिर पर किया जलाअभिषेक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गुन्नौर।** जनपद संभल में जुनावई के गांव हुल्काबाद मैं पातालेश्वर शिव मंदिर पर शिव भक्तों ने जल अभिषेक किया प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर पर हर साल की भांति इस साल भी शिव तेरस पर कावड़ियों ने कावड़ यात्रा करके आए श्रद्धालुओं ने जल अभिषेक किया वह कामनाएं की शिव मंदिर पर रासलीला का भी आयोजन चल रहा है जिसमें भारी संख्या में लोगों ने रासलीला का भी आनंद लिया महिलाएं बच्चे पुरुष अधिक संख्या में आए मेला में भारी भीड़ उमड़ी थी आसपास से आए लोग ट्रैक्टर बाइक ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में दर्शन करने के लिए लोग आए प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर पर भक्तों की भीड़ रही अपनी बारी का इंतजार करते हुए भोले बम भोले के जयकारे गूंजे लोग 1०० मीटर की दूरी से ही पैदल पैदल चलकर गए और दर्शन किए।

# अलकनंदा नदी में डूबने से गढ़वाल विवि के दो छात्रों की मौत



**उत्तराखंड।** जिले के श्रीनगर में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। अलकनंदा नदी में डूबने से गढ़वाल विवि के दो छात्रों की मौत हो गई। वहीं, एक बीफार्मा के छात्र को सकुशल निकाला गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, छात्र बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर गांव के बताए जा रहे हैं। छात्र गढ़वाल विवि में बीटेक प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत थे।

# संक्रामक रोगों से बचने के लिए बताए उपाय



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बुधवार को एमजीएम कॉलेज संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के पंचम दिवस के प्रथम सत्र में में स्वयंसेवक सेविकाओं ने संक्रामक रोग बचाव एवं सावधानियां विषय पर हल्लू सराय बस्ती में जनसंपर्क कर लोगों को संक्रामक रोगों से बचने एवं सावधानियां बरतने के लिए एक मुहिम चला कर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया गया। जिसमें लोकन सिंह शीला देवी बलिया देवी सोनू के शरीर में दर्द व सूजन से ग्रसित रोगी मिले।

राजू वआरती बुखार से पीड़ित, राधेश्याम सांस संबंधी बीमारी, गणेश खांसी से ग्रसित राजाराम कान रोगी मिले। मोहम्मद अरबाज ने समझाया कि खाने से पहले हाथ साबुन से धोना चाहिए। इल्म कशिश ने बताया खांसने और छींकने से पहले मुंह पर कपड़ा लगा लेना चाहिए।

हेमलता ने बताया आंख साफ करने के लिए नई हुई का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में संक्रामक रोगों से बचने हेतु विशेष सावधानियां विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती लोधी सराय के सहायक अध्यापक श्री कीर्ति रमन ने क्षय रोग से बचाव एवं सावधानियां को समझाया अतिथि के रूप में बाल विद्या मंदिर के शिक्षक तरुण ठाकुर ने साफ पीने के पानी संबंधी सावधानियां को बताया स्वयं सेविका निधि शगुन तिवारी शुमायला मोहम्मद आमिर मुस्कान रेसल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर बीएसएफ जवान शिवेंद्र सिंह कर्मचारी सौरभ कुमार एवं समस्त स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेमपाल सिंह ने किया।

# किसी ने दूल्हा-दुल्हन तो किसी ने बराती बनने के लिए छोड़ी दौड़ परीक्षा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिपाही भर्ती की दौड़ परीक्षा छोड़ने वाले अभ्यर्थियों ने नोडल अधिकारी को भेजे पत्र में दिलचस्प कारण बताए हैं। किसी ने दूल्हा बनने के कारण बाद में परीक्षा में शामिल होने का अनुरोध किया तो कोई भाई की शादी में शामिल होने चला गया। वहीं युवतियों ने भी अपनी शादी का हवाला देकर बाद में परीक्षा देने की अनुमति मांगी।

पुलिस भर्ती बोर्ड ने ऐसे सभी 268 अभ्यर्थियों को एक और मौका दिया है। 27 फरवरी को इनकी दौड़ परीक्षा होगी। यूपी पुलिस में करीब 6० हजार सिपाही पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। मुरादाबाद में नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में दौड़ परीक्षा का आयोजन किया गया। 1० से 24 फरवरी के बीच हुई दौड़ परीक्षा में अलग-अलग दिन महिला और पुरुष अभ्यर्थियों को बुलाया गया। 14 दिनों में 9874 पुरुष अभ्यर्थी और 2219 महिला अभ्यर्थी दौड़ में शामिल हुईं।

9224 पुरुष और 1787 महिला अभ्यर्थियों ने दौड़ परीक्षा पास कर ली। वहीं 1०82 अभ्यर्थी असफल रहे, इसमें 65० पुरुष और 432 महिला अभ्यर्थी हैं। लिखित परीक्षा पास करने वाले 591 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इनमें 182 पुरुष और 86 महिला अभ्यर्थियों ने पहले ही नोडल अधिकारी को लिखित पत्र दिया था, जिसमें दौड़ परीक्षा में बाद में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। इन 268 अभ्यर्थियों में से 2०० ऐसे आवेदन रहे, जिसमें किसी ने अपनी शादी, किसी ने भाई तो किसी ने बहन की शादी में शामिल होने की बात कही। दौड़ परीक्षा के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि इन सभी को भर्ती बोर्ड ने 27 फरवरी को दौड़ परीक्षा में भाग लेने का मौका दिया है। वहीं लिखित परीक्षा पास करने वाले 323 अभ्यर्थी न तो दौड़ में शामिल हुए और न ही दूसरे मौके के लिए आवेदन किया। यूपी पुलिस में सिपाही बनने का सपना लेकर सोमवार सुबह पीएसी के मैदान में दौड़ परीक्षा में भाग लेने उतरे 116 अभ्यर्थी फेल हो गए। एक दिन में फेल होने वाले अभ्यर्थियों की अब तक की यह सबसे बड़ी संख्या है। 876 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय में दौड़ पूरी कर ली।

मैदान से बाहर आए तो उन्हें परिजनों ने गले लगा लिया। मुरादाबाद में नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में यूपी पुलिस में सिपाही भर्ती के लिए 1० फरवरी से दौड़ परीक्षा चल रही है। सोमवार को 1०43 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इसमें 51 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने नहीं आए। 992 अभ्यर्थियों ने दौड़ परीक्षा में भाग लिया। सुबह पांच बजे से ही अभ्यर्थी और उनके परिजन मैदान के गेट पर इकट्ठा हो गए थे।

चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को मैदान में प्रवेश दिया गया। 876 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा में दौड़ पूरी कर ली। इस दौरान उनके अभिभावक भी मैदान के बाहर खड़े होकर अपने बेटे, भाई और रिश्तेदार का उत्साह बढ़ाते रहे लेकिन काफी प्रयास के बाद भी 116 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा पूरी नहीं कर पाए और निराशा के साथ मैदान से बाहर आए। इस दौरान कई युवकों की आंखों से आंसू छलक रहे थे।

# डीएम-एसपी ने जलाभिषेक करने आए श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत गांव सादातबाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मन्दिर पर जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं तथा कांवड़ श्रद्धालुओं पर ड्रोन से व स्वयं डीएम तथा एसपी द्वारा पुष्प वर्षा की गयी। इसके अतिरिक्त मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश के लिए की गई बेरिंकेडिंग की व्यवस्था एवं पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सम्भल, उपजिलाधिकारी चन्दौसी, क्षेत्राधिकारी बहजोई आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पहाड़ पर विद्या भारती के पहले स्कूल में शुरू हुई स्मार्ट क्लास



**देहरादून।** नगर क्षेत्र के तिलोथ में स्थित महाशय राजीव सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं के लिए स्मार्ट कक्षाएं शुरू कर दी है। इससे जहां छात्र तकनीक के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तो वहीं विदेशी विशेषज्ञों से अंग्रेजी और अन्य भाषाओं का ज्ञान भी ले रहे हैं। यह गढ़वाल और पहाड़ में विद्या भारती का पहला विद्यालय है जहां पर स्मार्ट क्लास शुरू की गई है। जहां एक ओर अब पुरानी शिक्षा पद्धतियों के चलते विद्या भारती के विद्यालय बंद होने की कगार पर हैं तो वहीं तिलोथ के महाशय राजीव सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रबंधन ने अपने संसाधनों और पृथ्वीकुल संगठन की मदद से कक्षा शिशु भारती (नर्सरी) से पांचवीं तक के 275 छात्र-छात्राओं के लिए स्मार्ट क्लास शुरू की है। इसके साथ ही विद्यालय में 2० कम्प्यूटर और पूरे विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

वहीं चार पैनल के मदद से बच्चे तकनीक के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद रावत ने बताया कि ऑनलाइन क्लास के साथ ही विद्या भारती से जुडे विदेशी विशेषज्ञ भी बच्चों को ऑनलाइन अंग्रेजी और अन्य भाषाओं का ज्ञान दे रहे हैं। कहा कि यह विद्यालय 1972 में स्थापित हुआ था। धीरे-धीरे बढ़ते निजी विद्यालयों और तकनीकी सुविधाओं के साथ विद्यालय में छात्र संख्या बहुत कम हो गई थी। वर्ष 2०2० के बाद यहां पर शिक्षा को तकनीक से जोड़कर नई शिक्षा नितियों के नियमों के तहत व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्कूल की छुट्टी के बाद अभिभावकों और आसपास के इच्छुक लोगों को कम्प्यूटर लैब में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। अरविंद रावत ने बताया कि मैदानी इलाकों में विद्या भारती के विद्यालय तकनीकी शिक्षा से जुड़ गए हैं। लेकिन पहाड़ों में संसाधन कम होने के कारण यह शुरू नहीं हो पाया था। इसलिए जनपद से इस पहल को शुरू कर पहाड़ के विद्या भारती के स्कूलों को आज की शिक्षा पद्धति से जोड़कर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# विदेशी पर्यटकों के लिए दरवाजे खोले



**उत्तर कोरिया।** देश ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। पिछले सप्ताह विदेशी पर्यटकों के एक छोटे समूह ने उत्तर कोरिया का दौरा किया। यह समूह पिछले पांच वर्षों में उत्तर कोरिया का दौरा करने वाला पहला समूह बन गया। हालांकि, इससे पहले एक छोटे से रूसी पर्यटकों के समूह ने पिछले वर्ष उत्तर कोरिया की यात्रा की थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी पर्यटकों की यह यात्रा उत्तर कोरिया के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्तर कोरिया अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी कर रहा है, क्योंकि देश को विदेशी मुद्रा की आवश्यकता है। बीजिंग की ट्रैवल कंपनी कोरयो टूर्स ने कहा कि 13 अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का एक समूह उत्तर कोरिया की यात्रा पर है। उसने 20 से 24 फरवरी तक समूह के लिए रासोन शहर में यात्रा की व्यवस्था की, जो देश का विशेष आर्थिक क्षेत्र है।

ट्रैवल एजेंसी के महाप्रबंधक साइमन कॉकरेल के अनुसार, विदेशी पर्यटकों में यूके, कनाडा, ग्रीस, न्यूजीलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया, और इटली के यात्री शामिल हैं, जो चीन से जमीन के रास्ते उत्तर कोरिया पहुंचे हैं। साइमन ने बताया कि पर्यटकों ने रासोन में कारखानों, दुकानों, स्कूलों और किम इल सुंग तथा किम जोंग इल की मूर्तियों का दौरा किया। कॉकरेल ने बताया कि उत्तर कोरिया जनवरी 2020 से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बंद है, लेकिन अब यात्रा फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

कोरोना महामारी शुरू होने के बाद, उत्तर कोरिया ने दुनिया के सबसे सख्त कोविड-19 प्रबंध लगाए थे, जिसके तहत विदेशी पर्यटकों को देश में प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके अलावा, राजनयिकों को देश से बाहर निकाल दिया और सीमा यातायात को भी कम कर दिया। हालांकि, 2022 से उत्तर कोरिया धीरे-धीरे सीमाएं खोल रहा है। फरवरी 2024 में, उत्तर कोरिया ने लगभग 100 रूसी पर्यटकों को स्वीकार किया, जो विदेशी पर्यटकों का पहला समूह था।

विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच संबंध मजबूत हो गए हैं, क्योंकि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का समर्थन किया है। साथ ही रूस को हथियार और सैनिक भी मुहैया कराए हैं। इसके अलावा, उत्तर कोरिया और चीन के संबंधों में भी नरमी आई है, क्योंकि चीन ने उत्तर कोरिया और रूस के साथ तीन-तरफा, अमेरिका विरोधी गठबंधन में शामिल होने में अनिच्छा दिखाई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी द्वारा संचालित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी के विशेषज्ञ ली।

## बस दुर्घटना में 18 लोगों की मौत, 31 घायल

**बैंकॉक।** पूर्वी थाईलैंड में बुधवार सुबह एक चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सड़क दुर्घटना प्राचीन बुरी प्रांत में उस समय हुई, जब बस उत्तरी थाईलैंड से तटीय रेयोंग प्रांत की यात्रा कर रही थी। बस में एक दल सवार था, जो नगरपालिका अध्ययन दौरे पर निकला था।

परिवहन विभाग ने कहा कि वह इस सड़क दुर्घटना की जांच में पुलिस के साथ समन्वय करेगा। साथ ही सभी यात्री वाहनों की जांच तेज की जाएगी, जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं या नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, थाईलैंड में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है।

# प्रेस पूल में नए आउटलेट्स को मिलेगा मौका: लेविट



**अमेरिका।** व्हाइट हाउस ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति से सीधे सवाल पूछने को लेकर प्रेस पूल में नए आउटलेट्स को मौका देने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि दशकों से व्हाइट हाउस प्रेस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन यह तय करती आई थी कि कौन से पत्रकार राष्ट्रपति से सवाल पूछ सकते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

अब व्हाइट हाउस प्रेस टीम यह तय करेगी कि कौन से मीडिया आउटलेट्स प्रेस पूल का हिस्सा बनेंगे। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट कहा कि राष्ट्रपति के साथ प्रेस सवाल-जवाब एक विशेषाधिकार है, जो अब तक केवल कुछ ही लोगों को दिया गया था। उन्होंने बताया कि अब व्हाइट हाउस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अमेरिकी जनता तक अधिक पारदर्शिता पहुंचे और दृश्यता मिले। लेविट ने कहा कि अब पारंपरिक मीडिया आउटलेट्स के साथ-साथ नए आउटलेट्स को भी प्रेस पूल में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, व्हाइट हाउस में एक नई मीडिया सीट जोड़ी जाएगी, और पांच प्रमुख टेलीविजन नेटवर्क्स के बीच रोटेशन जारी रहेगा।

वे अतिरिक्त स्ट्रीमिंग सेवाएं भी जोड़ेंगे जो पारंपरिक टीवी और केबल से अलग दर्शकों तक पहुंचेगी। लेविट ने कहा कि अब डीसी-आधारित पत्रकारों के एक छोटे से समूह को प्रेस एक्सेस का विशेषाधिकार नहीं होगा। सभी पत्रकारों और मीडिया आउटलेट्स को व्हाइट हाउस के प्रेस पूल में भाग लेने का मौका मिलेगा, ताकि वे अमेरिकी राष्ट्रपति से सवाल पूछ सकें और जनता को सही जानकारी मिल सके। कैरोलिन लेविट ने कहा कि दशकों से, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के डीसी-आधारित पत्रकारों का एक समूह यह तय करता रहा है कि कौन से पत्रकार राष्ट्रपति से सवाल पूछ सकते हैं।

# अंतिम चरण में महाभियोग की सुनवाई



**दक्षिण कोरिया।** महाभियोग झेल रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल मंगलवार को विपक्ष द्वारा नियंत्रित संसद के खतरे से लोगों को अवगत कराने के लिए अपने मार्शल लॉ डिक्री का बचाव किया। साथ ही उन्होंने प्रण लिया कि यदि उन्हें बहाल किया जाता है, तो वे राजनीतिक सुधारों पर जोर देंगे। संविधानिक न्यायालय में अपनी अंतिम गवाही देते हुए यून ने कहा कि अगर उन्हें बहाल किया गया तो वे राष्ट्रपति प्रणाली में सुधार के लिए दबाव बनाएंगे।

हालांकि न्यायालय मार्च के बीच महीने तक यह फैसला करेगा कि यूं को पद से हटाया जाए या उनकी शक्तियों को बहाल किया जाए। उदारवादी विपक्षी नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति यून पर महाभियोग लगाया था क्योंकि उन्होंने 3 दिसंबर को एक मार्शल लॉ डिक्री जारी की थी, जिसने देश में राजनीतिक अशांति पैदा की, वित्तीय बाजारों को हिला दिया और अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद उन्हें विद्रोह के आरोपों में गिरफ्तार किया गया, जिनमें दोषी पाए जाने पर मृत्युदंड या आजीवन कारावास हो सकता है। यूं ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया।

साथ ही मुख्य रूप से विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को दोषी ठहराते हुए कहा कि संसद को अपराधियों का अड्डा और राष्ट्र-विरोधी ताकतों का अड्डा है। उन्होंने कहा कि मैंने मार्शल लॉ लागू किया क्योंकि मुझे देश के सामने आ रहे गंभीर संकट को अनदेखा नहीं कर सकता था। मार्शल लॉ लगाने के पिछे के उद्देश्य का जिक्र करते हुए यून ने कहा कि उनका उद्देश्य विधानसभा का काम रोकना नहीं था, बल्कि व्यवस्था बनाए रखना था। हालांकि कुछ सैन्य कमांडरों ने कहा कि यून ने उन्हें सांसदों को बाहर निकालने का आदेश दिया था ताकि वे उनके आदेश को पलट न सकें।

साथ ही अपने गवाही के दौरान यून ने यह भी कहा कि यदि वे राष्ट्रपति पद पर लौटते हैं, तो वे राजनीतिक सुधारों और संवैधानिक संशोधनों के लिए दबाव बनाएंगे। उन्होंने यह संकेत भी दिया कि वे 2027 में अपने एकल पांच वर्षीय कार्यकाल को समाप्त करने से पहले पद छोड़ सकते हैं।

## ट्रंप की योजना के लिए बड़ा बजट किया पास

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से हाउस रिपब्लिकन ने मंगलवार को 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स कट और 2 ट्रिलियन डॉलर की सरकारी खर्च में कटौती वाले जीओपी बजट को पास कर दिया है। हालांकि कुछ डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया और कुछ रिपब्लिकन भी इसे लेकर असमंजस की स्थिति में थे। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को जीओपी बहुमत के साथ इसे पास कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वोटिंग बेहद नजदीकी रही दृ 217 पक्ष में और 215 विपक्ष में। सभी डेमोक्रेट्स ने इसका विरोध किया। इस प्रस्ताव के तहत ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में दिए गए टैक्स कट को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जबकि सरकार के कई विभागों और सामाजिक योजनाओं में भारी कटौती की जाएगी। हालांकि, यह अभी सिर्फ पहला कदम है। सीनेट को अब इस पर काम करना होगा और अंतिम रूप देने में कई हफ्ते लग सकते हैं।

# चार इस्राइली के शव सौंपेगा हमास



**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम के पहले चरण की समाप्ति से कुछ दिन पहले ही हमास सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में गुरुवार को चार मृत इस्राइली बंधकों के शव लौटाएगा। इस्राइल ने हमास की तरफसे बंधकों की रिहाई के दौरान उनके साथ किए गए क्रूर व्यवहार के विरोध में शनिवार से लगभग 600 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी की थी।

इस पर हमास ने कहा है कि हमास ने कहा है कि यह देरी उनके संघर्ष विराम का गंभीर उल्लंघन है और जब तक फ्लस्तीनियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक दूसरे चरण पर बातचीत संभव नहीं है। हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-कानू ने बुधवार को बताया कि हमास अगले दिन चार इस्राइलियों के शव सौंप देगा। इसके बदले में, इस्राइल फ्लस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, साथ ही 7 अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर हमास के हमले के बाद से हिरासत में लिए गए भारी संख्या में महिलाओं और नाबालिगों को भी रिहा करेगा।

एक इस्राइली अधिकारी ने पुष्टि की कि चार बंधकों के शव सौंपे जाने की उम्मीद है, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण नहीं दिया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर जानकारी साझा की। इस्राइल और हमास ने मंगलवार को पहले ही कहा था कि बंधकों के शव लौटाने के लिए एक समझौता हो गया है, लेकिन कोई तारीख घोषित नहीं की गई थी। हमास ने बंधकों और चार मृत बंधकों के शवों को बड़े सार्वजनिक समारोहों में रिहा किया है, जिसके दौरान इस्राइलियों को परेड करवाई गई और बड़ी भीड़ के सामने हाथ हिलाने के लिए मजबूर किया गया। इसे इस्राइल, रेड क्रॉस और संयुक्त राष्ट्र ने अपमानजनक करार दिया था।

नया समझौता युद्धविराम के पहले चरण के दोनों पक्षों के दायित्वों को पूरा करेगा - जिसके दौरान हमास लगभग 2,000 फ्लस्तीनी कैदियों के बदले में आठ शवों समेत 33 बंधकों को लौटा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र और कतर की तरफ से मध्यस्थता किए गए युद्ध विराम ने 15 महीने की भीषण लड़ाई को समाप्त कर दिया, जो हमास के 7 अक्तूबर, 2023 के हमले के बाद शुरू हुई थी, जिसमें इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। फ्लस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस्राइल के सैन्य हमले में 48,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

# जासूसी गुब्बारे मामले में अधिकारियों को धमकाना पड़ा भारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के मोंटाना राज्य के बिलिंग्स के रहने वाले एक व्यक्ति को पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी को धमकी देने के मामले में सजा मिल सकती है। बता दें कि, यह व्यक्ति चीन के जासूसी गुब्बारे को न गिराने से इतना नाराज हो गया था कि उसने सरकारी अधिकारियों को फोन कर धमकियां दीं। जानकारी के मुताबिक, 45 वर्षीय रिचर्ड रॉजर्स ने 3 फरवरी 2023 को 75 मिनट के अंदर पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी के कार्यालय में 100 से अधिक फोन कॉल किए।

यह घटना तब हुई जब पेंटागन ने स्वीकार किया कि वह चीन के जासूसी गुब्बारे पर नजर रख रहा है। यह गुब्बारा बाद में अटलांटिक महासागर में गिराया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रिचर्ड रॉजर्स ने एफबीआई और मैक्कार्थी के कार्यालय को किए गए कॉल में भद्दी और अश्लील बातें कही थीं।

अदालत में उसने सफाई दी कि यह उसका नागरिक अवज्ञा का तरीका था और वह सिर्फअपनी बात रखना चाहता था। अदालत ने रिचर्ड रॉजर्स को कांग्रेस सदस्य को धमकी देने और सरकारी एजेंसियों को परेशान करने का दोषी पाया। इस अपराध के लिए अधिकतम 6 साल की जेल और 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना हो सकता है। हालांकि, रॉजर्स का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए उसे कम सजा मिल सकती है। इस मामले में सरकारी वकीलों ने अदालत से कहा कि यह मामला एक कड़ा संदेश देने का मौका है कि सरकारी अधिकारियों को धमकी देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत नहीं आता। उन्होंने रिचर्ड रॉजर्स को 2 साल जेल की सजा देने की मांग की। वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने अनुरोध किया कि रिचर्ड रॉजर्स को जेल न भेजा जाए और उसे सिर्फ निगरानी में रखा जाए।

हाल के वर्षों में अमेरिका में नेताओं और सरकारी अधिकारियों को धमकी देने के मामले तेजी से बढ़े हैं। 2023 में अमेरिकी कैपिटल पुलिस ने ऐसे 8,000 से अधिक मामलों की जांच की। पिछले साल, मोंटाना के ही एक अन्य व्यक्ति को अमेरिकी सीनेटर जॉन टेस्टर और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## कई लोगों को ड्रग्स देकर बनाया शिकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक हैरान करने वाला अपराध सामने आया है। दरअसल अमेरिका के लास वेगास की रहने वाली एक महिला ने डेटिंग एप के जरिए पहले लोगों को प्रेमजाल में फंसाया और फिर उन्हें डेट पर बुलाकर उनके साथ लूटपाट की। लूटपाट के लिए महिला ने ड्रग्स का इस्तेमाल किया।

एक मामले में अत्यधिक ड्रग्स के इस्तेमाल से एक व्यक्ति की कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर लगे आरोपों के चलते उसे उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। लास वेगास की रहने वाली महिला ऑरोरा फ्लेप्स ने विभिन्न डेटिंग एप के जरिए कई पुरुषों को पहले अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर उन्हें डेट पर बुलाकर उन्हें धोखे से ड्रग्स दिया।

# निवेशकों को लुभाने की ट्रंप की योजना



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निवेशकों को लुभाने के लिए एक योजना बनाई है। इस योजना के तहत 50 लाख डॉलर में लोगों को गोल्ड कार्ड वीजा देने की पेशकश की जाएगी। ये गोल्ड कार्ड अमेरिका के 35 साल पुराने निवेशक वीजा की जगह लेंगे। इसका एलान करते हुए ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि श्इस तरह नागरिकता लेने वाले लोग अमीर और सफल होंगे।

वे बहुत सारा पैसा खर्च करेंगे और यहां टैक्स का भुगतान करेंगे। साथ ही वे लोगों को रोजगार भी देंगे। हमें लगता है कि यह योजना बेहद सफल होने वाली है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि श्गोल्ड कार्डश् दो सप्ताह में पारंपरिक म्ठ-5 वीजा की जगह ले लेगा। म्ठ-5 वीजा को विदेशी निवेश को लुभाने के लिए लाया गया था, जिसे साल 1990 में कांग्रेस ने अपनी मंजूरी दी थी। ईबी-5 वीजा उन लोगों के लिए है, जो किसी अमेरिकी कंपनी में करीब 10 लाख डॉलर का निवेश करते हैं और जो कम से कम 10 लोगों को रोजगार देते हैं।

लुटनिक ने कहा कि गोल्ड कार्ड वास्तव में एक ग्रीन कार्ड, या स्थायी कानूनी निवास प्रमाण पत्र होगा। गोल्ड कार्ड की खासियत होगी कि इसमें धोखाधड़ी करना संभव नहीं होगा। ट्रंप सरकार की योजना एक करोड़ गोल्ड कार्ड बेचने की है। अमेरिकी कांग्रेस देश में नागरिकता के लिए योग्यता निर्धारित करती है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि गोल्ड कार्ड के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। एलन मस्क के स्वामित्व वाली एक सैटेलाइट कंपनी को हवाई यातायात संचार प्रणाली को दुरुस्त करने का संघीय ठेका मिल सकता है।

करीब 2 अरब डॉलर का यह ठेका अभी वेरिजोन कंपनी के पास है, लेकिन अब यह मस्क की कंपनी स्टारलिंक को मिल सकता है। मस्क ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रकों द्वारा उपयोग किया जाने वाला नेटवर्क पुराना हो रहा है और इसे आधुनिक बनाने के लिए कठोर और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। मस्क ने सोमवार को एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा।

# दुर्लभ खनिजों के व्यापार पर किया समझौता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई प्रयासों के बाद आखिरकार यूक्रेन और अमेरिका ने एक व्यापक आर्थिक समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई है, जिसका मुख्य उद्देश्य दुर्लभ पृथ्वी खनिजों का दोहन करना है। इस समझौते से रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता मिलने की राह आसान होने की संभावना है।

मामले में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि इस समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर हो सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने ये भी उम्मीद जताई कि इस समझौते पर हस्ताक्षर करने से अमेरिका से मिलने वाली सैन्य सहायता यूक्रेन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह समझौता यूक्रेन को न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, बल्कि सुरक्षा क्षेत्र में भी मदद करेगा, खासकर रूस के साथ चल रहे युद्ध में। अधिकारियों की माने तो इस समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

इसके बाद, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की वाशिंगटन का दौरा कर सकते हैं, जहां वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में यूक्रेन को निरंतर सैन्य सहायता प्रदान करने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। जारी संघर्ष के बीच यूक्रेन के लिए ये समझौता बेहद खास है।

कारण है कि इस समझौते के माध्यम से वे अमेरिकी सैन्य सहायता को सुनिश्चित करना चाहते हैं और साथ ही अमेरिका से व्यापारिक संबंधों को भी मजबूत करना चाहते हैं। साथ ही यूक्रेन का मानना है कि इस समझौते के जरिए उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक समर्थन मिलेगा, जिससे उसकी सुरक्षा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। हालांकि इस समझौते के तहत दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## लैंडिंग के दौरान रनवे पर आया दूसरा प्लेन

**शिकागो।** देश के मिडवे एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश कर रहे साउथवेस्ट एयरलाइंस के विमान को अचानक उड़ान भरनी पड़ी, जब रनवे पर एक दूसरा विमान आ गया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एयरपोर्ट वेबकैम वीडियो में दिखाया गया है कि साउथवेस्ट विमान मंगलवार को सुबह 8.50 बजे सीएसटी पर उतर ही रहा होता है कि, जमीन छूने के बाद उड़ान भरने लगता है। क्योंकि दूसरा विमान रनवे पर दिखाई देता है। वहीं इसके बाद के घटना की जानकारी साझा करते हुए साउथवेस्ट एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक कहा कि साउथवेस्ट फ्लाइट 2504 सुरक्षित रूप से उतरी।

# राष्ट्रपति ने ट्रंप के साथ बैठक को बताया टर्निंग पॉइंट



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रूस-यूक्रेन शांति वार्ता के दौरान यूएस के यूरोपीय देशों के पक्ष में खड़े होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मनाने के लिए अमेरिका का दौरा किया, लेकिन उन्हें इस दौरे में अभी तक ट्रंप प्रशासन की तरफ से कोई पक्का आश्वासन नहीं मिला है।

हालांकि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक को टर्निंग पॉइंट करार दिया है। डोनाल्ड ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिका आने वाले मैक्रों पहले यूरोपीय नेता हैं। मैक्रों ने ट्रंप से अपील की कि रूस के साथ यूक्रेन पर युद्धविराम समझौते पर बात करते हुए वे कमजोर न लगें। गौरतलब है कि अमेरिका ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन के प्रस्ताव के खिलाफ रूस के समर्थन में मतदान किया है।

दरअसल यूक्रेन ने रूसी हमले की निंदा करते हुए रूस से यूक्रेन से तुरंत सेना वापस बुलाने की मांग करते हुए प्रस्ताव पेश किया था। यूरोपीय देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन अमेरिका ने अपनी पुरानी नीतियों के उलट जाकर रूस के समर्थन में मतदान किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे से यूरोपीय देशों और अमेरिका के बीच यूक्रेन के मुद्दे पर मतभेद भी खुलकर सामने आ गए हैं। दरअसल जब मैक्रों और ट्रंप मीडिया से बात कर रहे थे तो उस दौरान यूक्रेन को दी गई आर्थिक मदद को लेकर सवाल किया गया तो ट्रंप ने दावा किया गया यूरोप ने यूक्रेन को जो आर्थिक मदद दी, वह उधार के रूप में दी गई और यूरोप अपना पैसा यूक्रेन से वापस भी ले रहा है।

इस पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने ट्रंप का हाथ पकड़कर उनकी बात काटी और कहा कि यूरोप ने यूक्रेन की आर्थिक मदद की है और यूक्रेन को दी गई कुल आर्थिक मदद में से 60 फीसदी पैसा यूरोपीय देशों ने दिया है। मैक्रों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने आर्थिक मदद कर्ज के रूप में दी है। मैक्रों ने कहा है कि यूक्रेन के लिए जो शांति प्रस्ताव तैयार हो रहा है, उसमें यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी होनी चाहिए। शांति का मतलब यूक्रेन का आत्मसमर्पण नहीं होना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# नहटौर सिटी क्राउन पब्लिक स्कूल मैहदी विला ने धूमधाम से मनाया पहला वार्षिक उत्सव







**▶▶ मुख्य अतिथि, चेयरपर्सन पति नगर पालिका परिषद नहटौर मौहम्मद ज़ैद रशीद व भूतपूर्व हाजी मक़सूद अंसारी ने विजेता छात्रों को प्रदान किये प्रमाण पत्र**








**प्री-नर्सरी व नर्सरी के छात्रों ने कविता पाठ, गायन और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन**

अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। सिटी क्राउन पब्लिक स्कूल ने मैहदी विला में अपना पहला वार्षिक दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी और नर्सरी के छात्रों ने कविता पाठ, गायन और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन पति नगर पालिका, मौहम्मद ज़ैद रशीद और विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व चेयरमैन नगर पालिका, एक्सपोर्टर हाजी मक़सूद अंसारी ने विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए। ज़ैद रशीद ने शहर में होने वाली हर सार्थक शिक्षा पहल के लिए अपने समर्थन का आश्वासन दिया, जबकि मक़सूद अंसारी ने छात्रों में आदर्श मूल्यों को विकसित करने के महत्व पर ज़ोर दिया। प्रधानाचार्या रज़िया ज़ैदी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्कूल ने छात्रों के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल ने छात्रों की रुचियों और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए कहानी सुनाना, कविता पाठ, क्ले मॉडलिंग और कला जैसी विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्री और गतिविधियों का आयोजन किया है। प्रबंध निदेशक ग़िज़ाल मैहदी ने किताबी शिक्षा के साथ बच्चों के बहुमुखी विकास के महत्व पर ज़ोर दिया और मोबाइल उपयोग के कारण छोटे बच्चों के व्यवहार में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों में प्यार, स्नेह और त्याग के मूल्यों को स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, नहटौर की प्रधानाचार्या बबीता रानी, बुज़ुर्ग रहनुमा का. गुलाम साबिर, भूतपूर्व बी आई सी प्रधानाचार्य हमज़ा ज़ैदी, सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष अग्रवाल सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 150 से अधिक प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को रईस उस्मानी ने भी संबोधित किया और मैडम नाहिद अंसारी एवं वरिष्ठ स्वास्थ्य कार्यकर्ता इताअत हुसैन ने संयुक्त रूप से इसका संचालन किया।

# दिव्यांग होकर भी रहम दिल एम आर पाशा ने बांटी सौगात

**राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग जनों को हजारों की तादात में कैलीपर्स, वैशाखी कृत्रिम अंग, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, जुते, छड़ी व अन्य उपकरणों का किया गया निशुल्क वितरण**







अमर भास्कर ब्यूरो

चान्दपुर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा की ओर से विशाल कैंप लगाकर हजारों दिव्यागो, बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को सौगात बांटी।

चांदपुर तहसील के अंतर्गत चांदपुर पार्क में दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग का एक विशाल कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व राष्ट्रीय दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाऊंडेशन द्वारा दिव्यांग जनों को हजारों की तादात में कैलीपर्स, वैशाखी कृत्रिम अंग, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, जुते, छड़ी व अन्य उपकरणों का निशुल्क वितरण विशाल कैंप का अयोजन किया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा दिव्यांग जनों को लगातार निशुल्क कार्यक्रम किया जा रहे हैं। और आगे भी कार्यक्रम जारी रहेंगे। चांदपुर पार्क में संगठन द्वारा दिव्यांगजनों को हजारों की तादाद में कैलीपर्स, वैशाखी कृत्रिम अंग, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, जुते, छड़ी व अन्य उपकरणों का वितरण किया गया है। और आगे भी कृत्रिम अंग का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर मौ कासिम अध्यक्ष सम्भल, मास्टर शाकिर जिला अध्यक्ष, मौ फरमान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, मास्टर अफजल जिला प्रभारी, मौ आजम अंसारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मास्टर शहजाद गोविंदपुर ब्लॉक अध्यक्ष स्योहारा, सुशील कुमार ब्लॉक अध्यक्ष उपाध्यक्ष, गुरु वचन सिंह जिला कोषाध्यक्ष, इंतजाम नगर अध्यक्ष स्योहारा, सितारे आलम नगर उपाध्यक्ष, मौ शाकिर झालू जिला उपाध्यक्ष, इकराम ठेकेदार जिला सचिव, नाजिम मलिक मीडिया प्रभारी, अजमल अली जिला महासचिव, नसीम, कालू सिंह, निसार मलिक, शहजाद खान, विजय मास्टर, भोला यादव, मुंतजिर, मो अली, हरिओम सिंह, ओमपाल सिंह, राजेश कुमार, रईस अहमद, वसीम खान आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिन्दगी में आगे भी लगातार जारी रहेगी खिदमतः राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा



राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा दिव्यांग जनों को लगातार निशुल्क कार्यक्रम किया जा रहे हैं। और आगे भी कार्यक्रम जारी रहेंगे। चांदपुर पार्क में संगठन द्वारा दिव्यांगजनों को हजारों की तादाद में कैलीपर्स, वैशाखी कृत्रिम अंग, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, जुते, छड़ी व अन्य उपकरणों का वितरण किया गया है। और आगे भी कृत्रिम अंग का वितरण किया जाएगा।

# कोरियोग्राफर आमिर निगार दिल्ली में मल्टी टैलेंटेड अवार्ड से सम्मानित

अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। धामपुर निवासी सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर अमीर निगार को बॉलीवुड अभिनेता शाहबाज़ खान, हरियाणा संगीत जगत की अभिनेत्री अंजलि राघव द्वारा मल्टी टैलेंटेड अवार्ड से सम्मानित किया गया। आमिर निगार ने एक बाद एक उपलब्धि हासिल कर अपने शहर का देश की राजधानी दिल्ली में नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली पीबीए इवेंट और फेस ग्रुप के संयुक्त तत्वधान में सम्मान समारोह का दिल्ली के प्रसिद्ध होटल रेडिसन ब्लू द्वारका में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हिन्दी सिनेमा के अभिनेता शाहबाज खान और हरियाणवी संगीत जगत की जानी मानी कालाकार अभिनेत्री अंजलि राघव रहें। कार्यक्रम का संचालन आरजे आनंद और उजमा अंसारी द्वारा किया गया। फेस ग्रुप के संस्थापक डॉ. मुश्ताक अंसारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है। पुरस्कार समारोह के माध्यम से हम ऐसे लोगों को सम्मानित कर रहे हैं, जो अपने कार्यों से समाज में बदलाव ला रहे हैं। यह केवल सम्मान देने का मंच नहीं, बल्कि एक ऐसी पहल है, जो समाज में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम योग्य और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को आगे बढ़ने का अवसर दें, ताकि वे अपने क्षेत्रों में और भी बेहतर कार्य कर सकें। डॉ. मुश्ताक अंसारी, बबीता खान और अमित गुप्ता द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह में फैशन और बिजनेस फ़ील्ड से जुड़े 80 से अधिक महिलाओं और पुरुषों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अमित रॉय और बबीता खान ने मंच से कोरियोग्राफर अमीर निगार के टेलेंट की तारीफ की। मंच का संचालन आर जे आनंद और उजमा अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों में पारुल चौहान, मेकओवर अंकिता, मेकओवर राकेश, आनंद, अनिल ममता गुप्ता मेकअप आर्टिस्ट, अरोड़ा ,अमित रॉय, बबीता खान,शमा सच देवा, अमित आदि शामिल रहे। उधर आमिर निगार की इस उपलब्धि पर निगार वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक शाकिर अंसारी, अध्यक्ष अनीता चौहान, डॉ जितेंद्र कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक, परमजीत कौर, अंशु दक्षित, सोनिका अग्रवाल, रवि शंकर सैनी, निशा शवास्तव, अखिलेश कुमार, जावेद रहमान शम्सी आदि ने बधाई दी।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन कर रहे पीडीए कार्यक्रम

**▶▶ सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को पीडीए कार्यक्रम में मिल रहा भारी जनसमर्थन ▶▶ शिवरात्रि पर्व होने के बावजूद भी सपा जिलाध्यक्ष ने बढ़ापुर विधानसभा के ग्राम भज्जावाला, शेरगढ व मौहम्मदपुर राजौरी, हसनपुर में किये अनेक कार्यक्रम**








अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर/बढ़ापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशों के चलते समस्त जनपद बिजनौर में पीडीए कार्यक्रम के जरिए सर्व समाज को एकजुट करने का प्रयास निरंतर जारी है जिसके चलते समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, वरिष्ठ सपा नेता डॉक्टर ए रहमान अहसास, डॉक्टर इरफान मलिक ने संयुक्त रूप से बढ़ापुर 19 विधानसभा क्षेत्र में पीडीए कार्यक्रम ग्राम भज्जावाला में आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन द्वारा आयोजित किया गया इस दौरान वरिष्ठ नेता डॉ रहमान, शेख इरशाद, डॉ अकबर अली आदि मौजूद रहे।

**▶▶ अखिलेश यादव की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतर रहे हैं सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ▶▶ सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन पीडीए कार्यक्रम के जरिए जनता को जोड़ने में हो रहे हैं कामयाब**

वही दूसरा कार्यक्रम पीडीए चर्चा कार्यक्रम विधानसभा बढ़ापुर ग्राम शेरगढ़ में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन द्वारा आयोजित किया। जिसमें हनीफ भाई, शेख इरशाद नगर अध्यक्ष अफजलगढ़, डॉक्टर रहमान साहब, शाहिद भाई और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद है। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन का पीडीए कार्यक्रम को लेकर लगातार धुवा धार दौरा कई सेक्टर/गांवो मे पीडीए चर्चा कार्यक्रम कर ग्रामीणों को पार्टी की नीतियो से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को मिल रहा हैं पीडीए कार्यक्रम मे भारी जनसमर्थन मोहमद पुर राजोरी विधानसभा बढ़ापूर मे हुआ जोरदार स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे हैं पीडीए कार्यक्रम में जुड़ रहे जन सैलाब को देखकर विरोधी खेमे में मायूसी देखी जा रही है।





## सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की मेहनत ला रही है रंग



समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा धुआंधार रूप से पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बढ़ापुर 19 विधानसभा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी जनसमूह पड़ा से जुड़ रहा है जिसके अंतर्गत शेरगढ़ में मोहम्मद यूनुस अब्दुल वहाब हनीफ अहमद कलवा अनिल सैनी विश्वनाथ सैनी त्रिलोकी सैनी हरबंस सिंह हेतराम सिंह नंदकिशोर व भाग्य वाला में डॉक्टर वीरेंद्र सैनी बलराम सिंह सैनी जितेंद्र सैनी श्याम सैनी ऋषि केंद्र सैनी विनोद सैनी अरुण सैनी गौरव सैनी रॉकी सिंह प्रदीप तथा मोहम्मदपुर राजौरी में सुभाष सिंह ग्राम प्रधान उमेश कुमार छोटे सिंह अकबर अली मोहम्मद सुलेमान शाहिद हुसैन ताहिर हुसैन सुनील कुमार अब्दुल सलाम जाकिर के साथ ही हसनपुर में शकील अहमदपुर ग्राम प्रधान शमीम अहमद तस्लीम अहमद घनश्याम सिंह संजय सिंह दलपत सिंह नरेश कुमार उस्मान खलीक अहमद धर्मपाल सिंह आदि जन समूह शामिल रहा।

# हरदिल अजीज डॉक्टर खलील अंसारी दुर्घटना में हुए चोटिल, बेटी डॉक्टर इरम दुनिया से रुखसत









अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। मोहल्ला जोशियान में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक चिकित्सक बेटी की मौत हो गई। जबकि उसके चिकित्सक पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक की बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

नहटौर के मोहल्ला मोलवियान निवासी डॉक्टर खलील अहमद अपनी 27 वर्षीय प्राइवेट बीयूएमएस चिकित्सक बेटी डॉक्टर इरम को नहटौर के मोहल्ला नौधा में स्थित उसके अस्पताल से बाइक द्वारा बुधवार को करीब 5 बजे घर ला रहे थे। इसी दौरान नहटौर के मोहल्ला जोशियान में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और ओवरलोड ट्रक की चपेट में आने से पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि बाइक सड़क से नीचे उतरने के दौरान अनियंत्रित हो गई और दोनों ओवरलोड ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए। दोनों घायलों को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राइवेट चिकित्सक इरम को मृत घोषित कर दिया। जबकि खलील अहमद का अस्पताल में उपचार किया गया। परिवार के लोगों ने उन्हें नहटौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव को घर ले गए। चिकित्सक बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और रो-रोकर बुरा हाल बना है। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि मृतका के परिवार वालों ने कार्रवाई करने से इनकार किया है। शव को उनकी सुपुर्दगी में दे दिया गया है। ट्रक चालक को ट्रक सहित कब्जे में लिया गया है।

# अपने बच्चों को दुनिया तालीम के साथ दीनी तालीम जरूरी दें: मुफ्ती मौहम्मद तौहीद

**शानदार कलाम पेश करने पर किया गया नन्हें मुन्नों का इस्तकबाल**



अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा। मदरसा जामिउल कुरान रहमानिया मस्जिद में नन्हे मुन्ने बच्चों ने जलसे में अपना अपना कलाम पेश किया। मदरसे में बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर इनाम देकर सम्मानित किया गया। बाद नमाजे मगरिब मदरसा जामिउल कुरान रहमानिया मस्जिद में बच्चों का सालाना इम्तिहान के बाद जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों अनिक जमाल, अनुशा फात्मा, आयन, सुबहान, सायमा, जिकरा, अब्दुल समद, बुशरा, जैना रजी, मोहम्मद काशिफ, नमरा, राईना, नबिहा, अरीबा, मोहम्मद अरहान सहित सभी बच्चों ने अपना अपना कलाम पेश किया। मदरसे के उस्ताद मुफ्ती मौहम्मद उवैस और मौलाना शादाब को बच्चों को अच्छी तालीम देने और मदरसे का अच्छा इंतेज़ाम करने पर पत्रकार रियाज़ उर्फ़ प्रिंस ने शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। इस दौरान मुरादाबाद शाही मदरसे से तशरीफ लाएं उस्तादे हदीस मुफ्ती मौहम्मद तौहीद ने कहा कि हमें अपने बच्चों को दुनिया तालीम देने के साथ साथ दीनी तालीम देना भी ज़रूरी क्योंकि बच्चों को अपने मज़हब के बारे में जानकारी होना चाहिए। इस मौके पर मौलाना सलमान, मौलाना रिज़वान, मुफ्ती मुस्तकीम, मुफ्ती उबैद, मुफ्ती सदाकत, मुफ्ती हसीबुर्रहमान, मुफ्ती आसिम फारुक, मुफ्ती तलहा, मौलाना अरशद नदवी, मौलाना शाहिद, कारी हारुन आदि मौजूद रहे। जलसे की निज़ामत मुफ्ती आदिल और शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने सरपरस्ती में हुआ।



# कंगना की बहन रंगोली की टिप्पणी पर वर्षों बाद तापसी ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री कंगना रनौत की बहन रंगोली चंदेल और अदाकारा तापसी पन्नू के बीच लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। सोशल मीडिया पर दोनों कई बार आमने-सामने आ चुकी हैं। साल 2019 में रंगोली ने तापसी पन्नू को कथित तौर पर कंगना रनौत की सस्ती कॉपी तक कह डाला था। उनकी इस टिप्पणी के कई वर्ष बाद हाल ही में तापसी पन्नू ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### मुझे कंगना जितनी फीस नहीं मिलती

तापसी पन्नू ने अपनी आलोचना पर काफी संयमित तरीके से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गुस्सा जाहिर करने के बजाय शांत रहकर और परिपक्वता से जवाब दिया। हाल ही में एबीपी न्यूज से बातचीत में अभिनेत्री ने पुराने विवाद पर अपनी बात रखते हुए अपना नजरिया बताया। तापसी ने कहा, शायद मैं सस्ती हूं, क्योंकि मुझे कंगना रनौत जितनी फीस नहीं मिलती। अगर मुझे इतनी प्रतिभाशाली अभिनेत्री की कॉपी कहा जाता है, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। हमारे शब्द हमारी परवरिश को दिखाते हैं तापसी पन्नू ने इसके अलावा यह भी कहा कि कोई इंसान किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करता है, वह उसकी परवरिश को दिखाता है। उन्होंने कहा, हम जैसे बोलते हैं, वही हमारे व्यक्तित्व को दिखाता है। मैं किसी भी महिला के बारे में ऐसी बातें कभी नहीं कह सकती, जिसने अपनी मेहनत से अपना सफर तय किया हो। तापसी ने इसके अलावा बॉलीवुड के भी कई मसलों पर बात की। उन्होंने बॉलीवुड में लगातार होने वाले पक्षपात पर बोलते हुए कहा कि उन्होंने महिला-केंद्रित फिल्मों के साथ अक्सर गलत व्यवहार किए जाने के तरीके के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।

### सोशल मीडिया फॉलोअर्स नहीं, प्रतिभा को महत्व मिले

अभिनेत्री ने फिल्मों में कास्टिंग के फैसलों में और ब्रांड एंडोर्समेंट पर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि किसी को केवल उसकी प्रतिभा से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी सोशल मीडिया उपस्थिति से। वह चाहती हैं कि निर्माता सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या के बजाय व्यक्तित्व और प्रतिभा को महत्व दें।



# खुद को इस बंधन में नहीं बांधा है कि टीवी बहुत हो गया, अब फिल्में ही करूंगी

रजिया सुलतान, क्या कसूर है अमला का और गुड़ से मीठा इश्क जैसे शोज में पंखुड़ी अवस्थी ने मुख्य भूमिका निभाई है। ऐक्ट्रेस को इंफ्लूएंसर की जिंदगी काफी इंफ्लूएंस करती हैं क्योंकि वह ऐक्टिंग के साथ स्क्रिप्ट राइटिंग, विडियो शूट और एडिटिंग भी करते हैं। ट्विन्स मॉम बनकर एक तरफ वह दोहरी जिम्मेदारी निभा रही हैं तो जल्द एक बार फिर से छोटे पर्दे पर नई पारी शुरू करने जा रही हैं।

### जिंदगी 360 डिग्री घूम जाती है

जुलाई 2023 में मेरे ट्विन्स हुए थे। उनके आने के बाद पूरी जिंदगी ही बदल गई। जब पहली बार पता चलता है कि मां बनने वाले हो, तभी से जिंदगी बदलने लगती है। हालांकि, जब आप बच्चे को जन्म देते हो, तब तो जिंदगी 360 डिग्री घूम जाती है। आपके सोचने, काम करने के तरीके सब बदल जाते हैं। आपकी जिंदगी बस बच्चों के इर्द-गिर्द ही हो जाती है। आपका सारा ध्यान उनकी परवरिश पर होता है। यह एक फुल टाइम जॉब है। दो बच्चों की परवरिश करना कठिन टास्क है लेकिन नामुमकिन नहीं।

### जल्द ही टीवी पर नजर आने वाली हूं

मैं जब प्रेग्नेंट हुई थी, उस वक्त वैसे भी 10 महीने का लंबा गैप हो गया था। मैं चाहती थी कि फिर से काम पर लौट जाऊं। डिलिवरी के एक महीने बाद ही मैंने एक ऐड शूट कर लिया था। उसके बाद मेरे पास कई टीवी सीरियल्स को लेकर कॉल आए लेकिन बच्चे बहुत छोटे थे और मैं अपना सारा समय काम को नहीं दे सकती थी। इस वजह से कुछ ब्रैंड एंडोर्समेंट ही किए, ताकि ऐक्टिंग से मेरा हल्का-फुल्का जुड़ाव रहे। अब डेढ़ साल हो गए हैं तो मैं फिर से टीवी में लौटने के लिए तैयार हूं। अब मैं थोड़े लंबे समय तक चलने वाले किरदार करूंगी। अभी जल्द ही एक मेरा शो आने वाला है।

### काम को लेकर खुद को किसी बंधन में नहीं बांधा

मैंने 2019 में फिल्म की थी, जो कि 2020 में रिलीज हुई थी। उसके बाद ही लॉकडाउन लग गया था। फिर दो साल तक कुछ नहीं हुआ। यह मेरी पहली फिल्म थी लेकिन उसके बाद मेरे पास बहुत सारी फिल्मों और वेब शोज के लिए कॉल आए। हालांकि, उनसे इतना संतुष्ट नहीं थी इसलिए मैं वापस टीवी करने लगी क्योंकि वहीं से आई थी। मैं अपने काम को लेकर रिजिड नहीं हूं कि यही करना है, ये नहीं करना है। बस अच्छा कैरेक्टर और कहानी होनी चाहिए। मैंने खुद को इस तरह के बंधनों में नहीं बांधा है कि टीवी बहुत हो गया, अब फिल्में ही करूंगी। मुझे लगता है कि मैं ऐक्टर हूं और मुझे लगातार काम करते रहना पड़ेगा, ताकि मैं अपने हुनर को और निखार सकूं।

### काम ही आपको ऊपर ले जा सकता

सोशल मीडिया अब बहुत बड़ा हो चुका है। यह अच्छा है। अब तो कई लोग इस पर निर्भर हैं। यहां तक कि ऐक्टर्स के प्रमोशन में भी यह बहुत काम आता है। पहले ऐसा नहीं था। सिर्फ आपका काम ही आपको ऊपर ले जा सकता था। आजकल तो बहुत सारे इंफ्लूएंसर भी ऐक्टिंग करने लगे हैं। ऐसा नहीं कि वो ऐक्टिंग नहीं कर पा रहे हैं। वो भी अच्छा काम कर रहे हैं, बस इसकी प्रैक्टिस चाहिए। मुझे लगता है कि थोड़ा डिसएडवांटेज है कि ऐक्टर सिर्फ ऐक्टिंग पर ही फोकस कर पाता है और सेट पर ही एंजॉय कर पाता है। इंफ्लूएंसर बहुत सारे काम कर लेते हैं। वो विडियो शूट करते हैं, उसे एडिट करते हैं, स्क्रिप्ट बनाते हैं।




# इब्राहिम अली-खुशी कपूर स्टारर नादानियां 7 मार्च को रिलीज होगी

इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर स्टारर फिल्म 'नादानियां के निर्माताओं ने रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 7 मार्च को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। नादानियां' इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म है। वहीं, खुशी कपूर की यह 'द आर्चीज', 'लवयापा' के बाद तीसरी फिल्म है। नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने गुरुवार को इसकी घोषणा की और लिखा, कुछ कुछ होता है ऐसी नादानियां देखकर, 7 मार्च को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर नादानियां रिलीज हो रही है। 'नादानियां' में इब्राहिम अली के किरदार का नाम अर्जुन मेहता है। वहीं, खुशी कपूर के किरदार का नाम 'पिया जय सिंह' है। 'नादानियां' जेन जेड के रोमांस, प्यार और उसमें आने वाले मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'नादानियां' के दूसरे ट्रैक 'गलतफहमी' को रिलीज किया है। फिल्म का गाना प्यार के बीच आने वाली मुश्किलों को दिखाता है। इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, उन लोगों के लिए जिन्होंने प्यार किया, खोया और कभी समझा नहीं पाए! 'गलतफहमी' गाना रिलीज हो चुका है। 'गलतफहमी' गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने गाने के बोल लिखे हैं। ट्रैक को आवाज तुषार जोशी और मधुबंती बागची ने दी है। इब्राहिम ने कहा, 'गलतफहमी' में कुछ ऐसा है जिससे आप जुड़ सकेंगे। यह वास्तविक है और दिल टूटने के दर्द को दिखाता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और नुकसान का एक ऐसा पहलू है जो भरोसेमंद है। खुशी ने कहा, 'गलतफहमी' ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और यह 'नादानियां' एल्बम के मेरे पसंदीदा ट्रैक में से एक है। मुझे विश्वास है कि दर्शक गलतफहमी के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं लोगों के बीच इसे पेश करके काफी खुश हूं। शौना गौतम के निर्देशन में बनी 'नादानियां' को धर्मा एंटरटेनमेंट के तहत करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने तैयार किया है। यह फिल्म प्यार के कॉन्सेप्ट को एक नए मोड़ के साथ पेश करती है। इस फिल्म इब्राहिम अली खान, खुशी कपूर के साथ अभिनेत्री महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# जूनियर एनटीआर प्रशांत नील की फिल्म की शूटिंग शुरू

निर्देशक प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग आज (20 फरवरी) हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शानदार तरीके से शुरू हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस शेड्यूल में बड़े पैमाने पर एक एक्शन सीन फिल्माया जाएगा, जिसमें 2,000 से अधिक जूनियर कलाकार हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म का प्रोडक्शन इतना भव्य होगा कि यह दर्शकों को दंग कर देगा। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक एनटीआर जूनियर अगले शेड्यूल में शूटिंग में शामिल होंगे। उनके किरदार को लेकर फैंस की उत्सुकता हर दिन के साथ अब आसमान छूती जा रही है। सेट से फिल्म के पहले दिन की शूटिंग की तस्वीर सामने आई है। फोटो में देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा कि सीन किसी विरोध प्रदर्शन का है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। इसके जरिए मेकर्स अगले साल संक्रांति के मौके पर दर्शकों को एक शानदार तोहफा देने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में प्रशांत नील के पहले की टीम के सदस्य जुड़े रहेंगे। प्रशांत नील अपनी पिछली फिल्मों के लिए लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने केजीएफ, केजीएफ चैप्टर 2 और सलार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से लोगों का दिल जीता है।अपनी आगामी फिल्म में वह एनटीआर को एक नए अवतार में दर्शकों के सामने पेश करेंगे।



# एक्टर रणदीप हुड्डा ने 'जाट' की डबिंग शुरू की



सरबजीत, सुल्तान, जन्नत 2, एक्सट्रैक्शन, लाल रंग और हाईवे में अपने काम के लिए मशहूर एक्टर रणदीप हुड्डा ने बुधवार को अपनी अगली फिल्म जाट के लिए डबिंग शुरू कर दी। फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है और यह एक रोमांचकारी सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म में सनी देओल, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं। सभी एक्टर अपनी भूमिकाओं में अपनी यूनीक इंटेंसिटी और डेप्थ लाते हैं, जिससे एक मनोरम सीन देखने का अनुभव सुनिश्चित होता है। फिल्म की एक्शन कोरियोग्राफी अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने की है, जो रोमांचक युद्ध के सीन प्रदान करती है। फिल्म में थमन एस. द्वारा रचित साउंडट्रैक और फोटोग्राफी के निर्देशक के रूप में कैमरे के पीछे ऋषि पंजाबी हैं। यह फिल्म एक उच्च-स्तरीय प्रोडक्शन के लिए मंच तैयार करती है, जिसे सटीकता और जुनून के साथ तैयार किया गया है। इसका संपादन नवीन नूली द्वारा किया गया है, जबकि अविनाश कोला का प्रोडक्शन डिजाइन दर्शकों को फिल्म की मनोरंजक दुनिया के दिल में ले जाएगा। मैथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा बनी यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। पिछले साल की शुरुआत में, रणदीप ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता वी.डी. सावरकर पर आधारित ऐतिहासिक बायोपिक 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के साथ निर्देशन में कदम रखा था।



# रॉकेट..., बर्लिन जैसी सीरीज के बाद हीरो ही नहीं, विलन के रोल भी करने हैं

**इश्वाक सिंह ने पाताल लोक, बर्लिन और रॉकेट बॉयज जैसी वेब सीरीज और फिल्मों से खास पहचान बनाई। खास बातचीत में उन्होंने अपने करियर, इंडस्ट्री में आए बदलाव और आगे की योजनाओं पर खुलकर बात की।**

### पाताल लोक 2 और बर्लिन की सफलता के बाद करियर में क्या बदलाव पा रहे हैं?

जब लोग आपके काम को पसंद करते हैं तो अच्छा लगता है। जब सिर्फ परफॉर्मेंस ही नहीं, बल्कि पूरी फिल्म या शो सराहा जाता है तो खुशी बढ़ जाती है। यह अहसास धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। जब काम में बिजी होते हैं तो पूरा मजा लेने का मौका नहीं मिलता, जो शायद अच्छा ही है। वरना इंसान हवा में उड़ने लगे लेकिन इस पल को एंजॉय कर रहा हूं। इस इंडस्ट्री में हर सफलता आपको अगले मुकाम तक ले जाती है। मैं इस सफर को पूरी तरह जी रहा हूं।

### मेकर्स की तरफ से क्या अब अलग तरह की अप्रोच आपको देखने को मिल रही है?

बदलाव तो आया है। अब जो ऑफर मिल रहे हैं, वो पहले से काफी अलग हैं। जब कोई प्रोजेक्ट सफल होता है तो मेकर्स को भरोसा हो जाता है कि मैं अलग-अलग तरह के रोल कर सकता हूं। जो भी किरदार मिले, वो मेकर्स की सोच और भरोसे की वजह से ही हैं। पाताल लोक के बाद बर्लिन की जो पूरी तरह अलग थी। चाहता हूं कि लोग मुझे सिर्फ हीरो के रूप में न देखें, बल्कि विलन के रूप में भी पहचान बनाऊं।

### क्या कभी डर लगा कि एक ही तरह के किरदार करने से टाइपकास्ट न हो जाएं?

ऐसा तो कभी नहीं लगा। अच्छे फिल्ममेकर्स जानते हैं कि अगर कोई एक्टर एक रोल बखूबी निभा सकता है तो वह और भी किरदार उतनी ही शिद्दत से कर सकता है। थिएटर से शुरुआत की थी। थिएटर में यह आम बात है कि 17 साल का लड़का 60 साल के व्यक्ति का रोल कर सकता है लेकिन जब फिल्मों में काम शुरू किया तो देखा कि यहां लुक को बहुत अहमियत दी जाती है। यह मेरे लिए नया था लेकिन अब समझ आया कि यह कितना जरूरी है।

### किन निर्देशकों के साथ काम करना चाहेंगे?

इंडस्ट्री के सभी दिग्गज निर्देशकों के साथ काम करना चाहूंगा। जैसे करण जौहर, अनुराग कश्यप, राम गोपाल वर्मा। हालांकि नए डायरेक्टर्स के साथ भी काम करने में उतना ही मजा आता है। नए फिल्ममेकर्स की सोच और अप्रोच अलग होती है। अनुभवी निर्देशकों के साथ काम करके अनुशासन और सीखने का मौका मिलता है, जबकि नए निर्देशकों के साथ काम करने में अलग तरह का रोमांच होता है। वो एक्सपेरिमेंट करने की आजादी देते हैं।

### खलनायक के गाने पालकी में होके सवार के नए वर्जन का अनुभव कैसा था?

जब इस गाने का ऑफर मिला तो शुरुआत में इसे हल्के में लिया लेकिन जब ऑफर एक्सेप्ट करके सेट पर पहुंचा और पूरा गाना सुना तब समझ आया कि यह कितना पेपी और एनर्जेटिक सॉन्ग है। इसका निर्देशन, कोरियोग्राफी और सेटअप शानदार था। पूरी टीम में जबरदस्त जोश था।

# फिल्म दीवानियत में दिखाई देंगे हर्षवर्धन राणे

साल में 2016 हुई रिलीज हर्षवर्धन राणे की फिल्म सनम तेरी कमस को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म पर दर्शक खूब प्यार बरस रहे हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर खूब अच्छा परफॉर्म कर रही है। सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता के बाद हर्षवर्धन एक अन्य प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। दरअसल उनकी नई फिल्म का एलान हो गया है, जिसका नाम दीवानियत है। इसकी जानकारी हर्षवर्धन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा... दीवानियत फिल्म कहानी है, प्यार और हार्टब्रेक की ये कहानी साल 2025 में सिनेमाघरों में आने वाली है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है, वहीं अमूल मोहन और अंशुल मोहन इसके निर्माता हैं। एक्ट्रेस को लेकर भी कोई खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है।

